


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25






## खास-खबर



### भारत के पहले अंतरिक्ष मानव मिशन में जाने वाले यात्रियों के नाम का हुआ खुलासा

**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के पहले अंतरिक्ष मानव मिशन पर जाने वाले चार भारतीयों को आज सम्मानित किया। अंतरिक्ष में जाने वाले अंतरिक्ष यात्रियों में ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला शामिल हैं। प्रधानमंत्री मंगलवार को केरल के तिरुवनंतपुरम पहुंचे, जहां उन्होंने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र का दौरा किया और भारत के पहले अंतरिक्ष मानव मिशन गगनयान की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान इसरो प्रमुख एस सोमनाथ, केरल के सीएम पी विजयन और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी मौजूद रहे।

बता दें गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है, जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इस मिशन को अगले साल के आखिर या 2025 की शुरुआत तक भेजा जा सकता है। 2024 में मानव रहित परीक्षण उड़ान अंतरिक्ष में भेजने का लक्ष्य है, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा। गगनयान मिशन का उद्देश्य तीन दिवसीय गगनयान मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाना है।

गगनयान मिशन सफल होता है, तो भारत उन देशों की एक खास सूची में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने खुद चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। वर्तमान में ऐसा मुकाम हासिल करने वाले देश केवल अमेरिका, रूस और चीन ही हैं। कैप्टन राकेश शर्मा अंतरिक्ष मे जाने वाले भारत के पहले व्यक्ति हैं। 1984 में इसरो और रूस के इंटरकस्मिक कार्यक्रम के एक संयुक्त अंतरिक्ष अभियान के अंतर्गत राकेश शर्मा आठ दिन तक अंतरिक्ष में रहे। राकेश उस समय भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर और विमान चालक थे। वहीं कल्पना चावला अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के जरिए अंतरिक्ष जाने वाली भारतीय मूल की पहली महिला थीं। उनके अलावा सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष जाने वाली दूसरी भारतवंशी महिला हैं।

### कल जारी होगी 16वीं किस्त, जानें किन किसानों को मिलेगा लाभ और किन्हें नहीं

**नईदिल्ली।** 28 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त जारी होगी। इससे पहले बीती 15 नवंबर 2023 को 15वीं किस्त जारी हुई थी, जिसे खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जारी किया था। वहीं, इस बार भी खुद पीएम मोदी ही 16वीं किस्त जारी करेंगे।

इस योजना के अंतर्गत सरकार हर साल किसानों के खाते में 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का उद्देश्य जरूरतमंद किसानों की आर्थिक मदद करना है, ताकि उन्हें खेती करते समय किसी प्रकार की आर्थिक दिक्कतों का सामना न करना पड़े।अगर आप प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जुड़ी किसी भी समस्या का हल पाना चाहते हैं। ऐसी स्थिति में आप इन नंबरों 155261, 1800115526 या 011-23381092 पर कॉल कर सकते हैं।

# ढाई लोकसभा में बराबरी की टक्कर!

## दुर्ग संभाग..किसका देगा साथ, दोनों दल 10-10 सीटों की बराबरी पर

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क




रायपुर। छत्तीसगढ़ में तेज होती लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच कयासों के घोड़े दौड़ने लगे है। सबके अपने दावे-प्रतिदावे है। राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा जहां सभी 11 सीटें जीतने की जुगत लगा रही है तो वहीं कांग्रेस भी भाजपा से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करने का दावा कर रही है। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण है कि दुर्ग संभाग में इन दोनों दलों की स्थिति कैसी है? दुर्ग संभाग में विधानसभा की कुल 20 सीटें हैं। संभाग के अंतर्गत करीब ढाई लोकसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें दुर्ग और राजनांदगांव के अलावा कांकेर लोकसभा का कुछ हिस्सा शामिल है। भले ही लोकसभा क्षेत्र के हिसाब से ढाई सीटें ज्यादा न हो, लेकिन जिस तरह से राजनीतिक दल एक-एक सीट के लिए मशक्कत कर रहे हैं, उसके मद्देनजर इन ढाई सीटों का मूल्यांकन भी जरूरी है। दरअसल, विधानसभा की इन 20 सीटों पर इस बार कांग्रेस और भाजपा को बराबर का जनादेश मिला है। यानी दोनों दलों के खाते में 10-10 सीटें आई है। शायद यही वजह है कि कांग्रेस को इन सीटों में अपने लिए संभावनाएं नजर आ रही है। वहीं भाजपा को एक बार फिर मोदी-मैजिक पर भरोसा है।

2019 के लोकसभा नतीजों को देखें तो दुर्ग संभाग की सभी सीटें भाजपा के पाले में गिरी थी। दुर्ग क्षेत्र से विजय बघेल विजयी रहे तो राजनांदगांव से संतोष पांडे ने जीत हासिल की। कांकेर क्षेत्र में भी भाजपा का प्रत्याशी बदलने का दाँव कामयाब रहा और मोहन मंडावी कांकेर का गढ़ बचाने में सफल रहे। यह सब तब हुआ था, जबकि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और सरकार में ज्यादातर प्रतिनिधित्व भी इसी संभाग से था। खुद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दुर्ग संभाग से ही थे। कांग्रेस इस उम्मीद में थी कि इस बार वह राज्य का इतिहास बदल देगी। लेकिन लोकसभा के नतीजे आए तो उसकी उम्मीदों पर पानी फिर गया। उसे कोरबा और बस्तर के रूप में महज 2 सीटें ही नसीब हुई थी, जबकि भाजपा ने प्रदेश में 9 सीटें फतह करने में कामयाबी पाई। बहरहाल, दुर्ग संभाग की चर्चा करें तो कांग्रेस इस बार राजनांदगांव और कांकेर की सीटों को अपने पक्ष में मान रही है। इसकी सबसे प्रमुख वजह यह है कि राजनांदगांव जिले की 6 विधानसभा सीटों में से 5 सीटों पर उसे हालिया सम्पन्न चुनाव में जीत मिली है। इकलौती राजनांदगांव सीट पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जीतने में सफल रहे, जो कि वर्तमान में विधानसभा के अध्यक्ष हैं। वहीं दुर्ग संभाग की 3 सीटें कांकेर लोकसभा क्षेत्र में आती है। इन तीनों सीटों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है।

### बालोद कांग्रेस तो बेमेतरा में भाजपा

2018 के विधानसभा चुनाव में बालोद और बेमेतरा जिलों की सभी सीटें जीतने में कांग्रेस को सफलता मिली थी। इन दोनों जिलों में 3-3 सीटें हैं। लेकिन इस बार हालात कुछ अलग है। इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बालोद की तीनों सीटें जीतने में कामयाबी जरूर मिली, लेकिन बेमेतरा की तीनों विधानसभा सीटें भाजपा के खाते में गई। बालोद जिले की संजारी बालोद से संगीता सिन्हा और गुंडरदेही से कुंवर सिंह निषाद जीतने तो अजजा आरक्षित डौंडीलोहारा की सीट पर अनिला भेड़िया ने सफलता हासिल की। ये तीनों सीटें कांकेर लोकसभा का हिस्सा है। वहीं बेमेतरा जिले की तीनों सीटों साजा से ईश्वरलाल साहू, बेमेतरा से दीपेश साहू व अजा आरक्षित नवागढ़ से दयालदास बघेल ने विजय पताका फहराई। बेमेतरा के यह तीनों सीटें दुर्ग संसदीय सीट में आतीं हैं। इसके अलावा कवर्धा की दोनों सीटें कवर्धा व पंडरिया में भाजपा ने जीत हासिल की। ये दोनों सीटें राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा हैं।

### नए चेहरों से हारे कद्दावर नेता

हालिया सम्पन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा के नए चेहरों ने भाजपा के कद्दावर नेताओं को पटखनी दी। इनमें सर्वाधिक चर्चित सीटें साजा और कवर्धा की रही। साजा क्षेत्र में भाजपा ने साम्प्रदायिकता की भेंट चढ़े एक युवक के अराजनीतिक पिता को उम्मीदवार बनाया था। साजा को कांग्रेस के कद्दावर नेता रविन्द्र चौबे का गढ़ माना जाता है। चौबे को भाजपा के ईश्वर साहू ने आसानी से मात दी। वहीं कवर्धा में भी कद्दावर कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर को युवा नेता विजय शर्मा के हाथों पराजय का मुंह देखना पड़ा। ये दोनों सीटें छत्तीसगढ़ में साम्प्रदायिकता की आंच के चलते सुर्खियों में रही थी। इसी तरह दुर्ग जिले की दुर्ग ग्रामीण सीट से भाजपा के युवा नेता ललित चंद्राकर ने कद्दावर कांग्रेसी और गृहमंत्री रहे ताम्रध्वज साहू को हराकर सनसनी फैला दी थी। वोरा परिवार का गढ़ रही दुर्ग शहर सीट में भी पहली बार चुनाव लड़ रहे गजेन्द्र यादव ने कांग्रेस के अरुण वोरा को बुरी तरह से हराया।

### दुर्ग संभाग में भाजपा-कांग्रेस बराबरी पर



**बालोद जिला**

| | |
|---|---|
| संजारी बालोद | संगीता सिन्हा (कांग्रेस) |
| डौंडीलोहारा(अजजा) | अनिला भेड़िया (कांग्रेस) |
| गुंडरदेही | कुंवर सिंह निषाद (कांग्रेस) |

**दुर्ग जिला**

| | |
|---|---|
| पाटन | भूपेश बघेल (कांग्रेस) |
| दुर्ग ग्रामीण | ललित चंद्राकर (भाजपा) |
| दुर्ग शहर | गजेन्द्र यादव (भाजपा) |
| भिलाई नगर | देवेन्द्र यादव (कांग्रेस) |
| वैशाली नगर | रिकेश सेन (भाजपा) |
| अहिवारा( अजा) | डोमनलाल कोर्सेवाड़ा (भाजपा) |

**बेमेतरा जिला**

| | |
|---|---|
| साजा | ईश्वरलाल साहू (भाजपा) |
| नवागढ़ (अजा) | दयालदास बघेल (भाजपा) |
| बेमेतरा | दीपेश साहू (भाजपा) |

**कवर्धा जिला**

| | |
|---|---|
| कवर्धा | विजय शर्मा (भाजपा) |
| पंडरिया | भावना बोहरा (भाजपा) |

**राजनांदगांव जिला**

| | |
|---|---|
| खैरागढ़ | यशोदा वर्मा (कांग्रेस) |
| डोंगरगढ़(अजा) | हर्षिता बघेल (कांग्रेस) |
| राजनांदगाव | रमन सिंह (भाजपा) |
| डोंगरगांव | दलेश्वर साहू (कांग्रेस) |
| खुज्जी | भोलाराम साहू (कांग्रेस) |
| मोहला मानपुर(अजजा) | इंदरशाह मंडावी (कांग्रेस) |

### संभाग से 2 मंत्री, 1 विधानसभाध्यक्ष

दुर्ग संभाग से प्रदेश सरकार में प्रतिनिधित्व की बात करें तो कुल 2 मंत्रियों को स्थान दिया गया है। वहीं विधानसभा अध्यक्ष भी इसी संभाग से है। कवर्धा से कद्दावर नेता और प्रदेश में कांग्रेस का अल्पसंख्यक चेहरा रहे मोहम्मद अकबर को पहली ही बार में हराने वाले विजय शर्मा प्रदेश में सबसे महत्वपूर्ण गृह मंत्रालय संभाल रहे हैं। वहीं आरक्षित सीट बेमेतरा के नवागढ़ से जीते दयालदास बघेल को भी खाद्य व नागरिक आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं। राज्य में लगातार तीन बार मुख्यमंत्री रहे राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है। लोकसभा चुनाव में इन नेताओं पर भाजपा की अपेक्षाओं का काफी वजन होगा। खासतौर पर राजनांदगांव में भाजपा को इस बार काफी चुनौती मिलने की संभावना है, क्योंकि इस जिले में भाजपा सिर्फ एक सीट ही जीत पाई है। बाकी जगहों पर भाजपा के विधायकों पर पार्टी को चुनाव जितवाने का दायित्व होगा।

### कांकेर लोकसभा में 16 लाख वोटर

कांकेर लोकसभा में करीब 16 लाख मतदाता हैं। इनमें से बालोद जिले की 3 सीटों पर ही करीब 6 लाख 67 हजार मतदाता हैं। हाल ही में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया तो यह आंकड़े सामने आए। 1967 में जब यह संसदीय सीट अस्तित्व में आई तब कुल करीब 4 लाख मतदाता थे। 57 साल में मतदाताओं की संख्या 4 गुना बढ़कर 16 लाख तक पहुंच गई है। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र की बात करें तो इस बार यहां कुल करीब 17 लाख मतदाता अपना प्रतिनिधि चुनेंगे। विधानसभा चुनाव के वक्त राजनांदगांव जिले की छह विधानसभा सीटों में 11 लाख 17 हजार 398 मतदाता थे। इसी तरह कवर्धा की दो विधानसभा सीटों में मतदाताओं की संख्या 5 लाख 71 हजार 281 थी। इस तरह पूरे संसदीय क्षेत्र की बात करें तो संसदीय क्षेत्र के आठ विधानसभा सीटों में मतदाताओं की संख्या 16 लाख 88 हजार 679 थी। वहीं दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में 20 लाख 72 हजार से ज्यादा मतदाता अपना सांसद चुनेंगे। 2019 में यहां कुल करीब 16 लाख वोटर थे।

# साल में दो बार होंगे 10वीं व 12वीं सीजी बोर्ड के एग्जाम, छत्तीसगढ़ सरकार ने बदला नियम

- स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश, 2025-26 सत्र से हो सकता है लागू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं में बड़ा बदलाव करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ का स्कूल शिक्षा विभाग ने अब कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए राज्य बोर्ड परीक्षाएं एक ही शैक्षणिक सत्र में दो बार आयोजित करने का फैसला किया। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा प्रथम मुख्य परीक्षा मार्च माह में एवं द्वितीय मुख्य परीक्षा जून-जुलाई में आयोजित की जायेगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मंत्रालय से इस आशय का आदेश जारी कर दिया है।

बता दें विधानसभा सत्र के दौरान शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने इसके



संकेत दिए थे। उन्होंने कहा था कि छात्रों के सिर से परीक्षा के बोझ को कम करने के लिए राज्य में 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं साल में दो बार ली जाएंगी। अब इस संबंध में आदेश जारी किया जा चुका है। शासन द्वारा जारी आदेश अनुसार प्रथम परीक्षा माह मार्च एवं द्वितीय परीक्षा माह जून-जुलाई में आयोजित की जायेगी। प्रथम परीक्षा में पंजीकृत छात्र ही द्वितीय परीक्षा आवेदन पत्र भरने के लिए पात्र होंगे, किन्तु विषय परिवर्तन मान्य नहीं होगा।

### छात्रों को दूसरी परीक्षा के लिए भी भरना होगा फॉर्म

प्रथम परीक्षा के पश्चात् द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्रों को पुन: आवेदन पत्र भरना होगा। द्वितीय परीक्षा में वे छात्र जो पूरक के पात्र है तथा वे छात्र जो सभी विषयों में अनुत्तीर्ण है एवं श्रेणी सुधार (सम्पूर्ण विषय) के छात्र भी परीक्षा आवेदन पत्र भर सकते है। उत्तीर्ण छात्र अंक सुधार एक विषय, दो विषय या अधिक विषय में परीक्षा आवेदन भर सकते है। इनमें द्वितीय परीक्षा में वे छात्र भी सम्मिलित हो सकते है जो प्रथम परीक्षा में परीक्षा आवेदन फार्म भरने के बाद अनुपस्थित रहे हों। परीक्षा की शेष योजना पूर्ववत् रहेगी। द्वितीय परीक्षा का परिणाम दोनों परीक्षाओं में से विषयवार अधिक अंक के आधार पर तैयार किया जाएगा।

# सड़क निर्माण में लापरवाही: उपमुख्यमंत्री साव का बड़ा एक्शन, पीडब्ल्यूडी के दो अफसर निलंबित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने गुणवत्ता विहीन कार्यों पर एक्शन लेना शुरू कर दिया है। सड़क निर्माण में लापरवाही पाए जाने पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बड़ा एक्शन लिया है। दरअसल चोटिया-चिरमिरी मार्ग के उन्नयन और नवीनीकरण कार्य में गुणवत्ताहीन निर्माण और अमानक कार्य होना पाया गया। इसके बाद विभागीय मंत्री अरुण साव ने मंत्रालय से अनुविभागीय अधिकारी और उप अभियंता का निलंबन आदेश जारी कर दिया है। वहीं कार्यपालन अभियंता और अनुविभागीय अधिकारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार



जिला कोरबा के चोटिया-चिरमिरी मार्ग के 10 किमी का उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य (वास्तविक लंबाई 23.3.कि.मी.) में कार्यस्थल का निरीक्षण के दौरान जांच में पाया गया कि डामरीकरण की मोटाई औसतन कम थी और कार्य की डेनसिटी (घनत्व) भी कम पाया गया। इस प्रकार कार्य अमानक स्तर का एवं गुणवत्ता के मापदण्डों का पालन किये बिना ही मार्ग का डामरीकरण कराया गया। इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी एवं उप अभियंता द्वारा अपने अधिकार का दुरूपयोग कर अपने पदीय कर्तव्य के निर्वहन में अनियमितता बरतने की बात सामने आई है।

इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम, 1966 के नियम-9 (1) (क) के तहत एसपी साहू, अनुविभागीय अधिकारी व राकेश वर्मा उपअभियंता लोनिवि, उप संभाग कमांक-2 कटघोरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुये उनका मुख्यालय, कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, नवा रायपुर अटल नगर में निर्धारित किया गया। उक्त दोनों अफ्सरों को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वहन भत्ते की पात्रता होगी।

# अब बस अपनी-अपनी ढपली, अपना-अपना राग

श्रीकंचनपथ




देश इन दिनों त्रेता के रंग में रंगा हुआ है। पर ये सब सिर्फबातें हैं, बातों का क्या? त्रेता में बड़ा भाई अपने छोटे के लिए सिंहासन छोड़ जाता है तो छोटा सिंहासन पर खड़ाऊं रखकर राज पाट चलाता है। उर्मिला ससुराल के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करने पीछे रह जाती है तो उसका पति लक्ष्मण बड़े भाई का सहयोग करने स्वत: वनवास को स्वीकार कर लेता है। मेघनाद और कुंभकर्ण जैसे पुत्र और भाई ज्ञान बांटकर पाला नहीं बदल लेते। वह दौर और था, यह दौर और है। कलियुग में त्रेता-द्वापर में सहयोग और सहकार की जो थोड़ी बहुत झलक दिखाई देती थी, वह सहकारिता में थी। सहकारिता से बड़े-बड़े कार्य संभव हुए। भिलाई में इस्पात कर्मचारी कोआपरेटिव, भिलाई नागरिक सहकारी बैंक, प्रगति महिला सहकारी बैंक, स्मृति गृह निर्माण समिति ने सहकारिता की ऐसी नींव रखी जो आज भी अपना परचम लहरा रहे हैं। कृषि के क्षेत्र में सहकारिता की शुरुआत भी ग्राम तिरगा झोला से हुई। जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक और उसकी अजस्र शाखाएं भी सफलता की कई इबारतें लिख चुकी हैं। पर जो काम रेलवे ने किया, उसकी मिसाल दुर्लभ है। अंग्रेजों के शासनकाल में ही इसकी नींव रख दी गई थी। 1909 में चार सदस्यों और तीन कर्मचारियों की मदद से रेलवे को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी की स्थापना हुई। इसका उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों को सूदखोरों के चंगुल से बचाना था। 2023-24 में इस बैंक ने 100 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। पिछले दस साल में यह बैंक अपने डेढ़ लाख सदस्यों को 120 करोड़ का लाभांश बांट चुका है। 115 साल पहले शून्य से शुरू हुआ यह सफर आज 2500 रुपए के वर्किंग कैपिटल का विशाल कारोबार है। इस बैंक में रेलवे कर्मचारियों के बच्चों को ही नौकरी दी जाती है। यह सहकारिता ही थी जिसने महिला स्व-सहायता समूहों को एक नई पहचान दी। किसी ने सोचा भी नहीं था कि एक-एक दो-दो रुपए की बचत और आपस में मिलजुल कर संकटों से जूझने की यह प्रवृत्ति किसी दिन सफलता की ऐसी इबारतें भी लिखेंगी। राजनांदगांव के सुकुलदैहान की बहू पद्मश्री फुलबासन बाई यादव और उनके मां बम्लेश्वरी स्व-सहायता समूहों ने सहकार से सफलता की वह कहानी लिखी जिसपर किसी भी देश को नाज हो सकता है। इस समूह से आज 2 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं। दो लाख महिलाएं, अर्थात दो लाख परिवार। इसकी ताकत का अंदाजा केवल इसी बात से लगाया जा सकता है कि यदि सभी सदस्यों को कोई टाफी भी बेचना चाहे तो वह होलसेल व्यापारी बन जाए। पर ऐसी सफलता की कल्पना केवल उन्हीं लोगों के बीच की जा सकती है जिनकी जिन्दगी हाथ से मुंह के बीच शुरू होती है और वहीं खत्म हो जाती है। जिनके पास आय को नियमित जरिया है वो तो क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन पर जीते हैं। तमाम शिक्षा और ज्ञान भी उन्हें सूदखोरों से नहीं बचा पाता।



## संपादकीय

# बढ़ती आय और खर्च

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) ने साल 2022-23 के लिए जो घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण का सारांश जारी किया है, उसका स्वागत किया जा रहा है। लगभग ग्यारह वर्ष के बाद ये आंकड़े जारी किए गए हैं, तो अध्ययन और क्रियान्वयन की दृष्टि से इनका बहुत महत्व है। इधर के वर्षों में आंकड़े न जारी करने के लिए लगातार सरकार की आलोचना हो रही थी। अब इन आलोचनाओं पर विराम लगेगा और विभिन्न आर्थिक व सामाजिक शोध संस्थानों को विचार-मंथन में सुविधा होगी। आंकड़े साफगवाही दे रहे हैं कि देश विकसित हो रहा है। साल 2011-12 में एक औसत ग्रामीण भारतीय का भोजन खर्च 1,750 रुपये मासिक हुआ करता था, जो साल 2022-23 में बढ़कर 3,773 रुपये हो गया है। इस दौरान शहरी भारतीयों का मासिक भोजन खर्च 2,530 रुपये से बढ़कर 6,459 रुपये हो गया है। गांव हो या शहर, भोजन पर होने वाला खर्च तो दोगुने से ज्यादा हो गया है, मगर बाकी कुल खर्च में उतनी वृद्धि नहीं हुई है। वैसे भारत में लोगों की आय और खर्च में बहुत असमानता है। अपने देश में आर्थिक रूप से शीर्ष पांच प्रतिशत ग्रामीण और शहरी भारतीय एक महीने में औसतन 10,501 रुपये और 20,824 रुपये खर्च करने लगे हैं।

> “ यह सुखद है कि ग्रामीण भारतीयों को अपनी आय में से आधे से भी कम हिस्सा अब भोजन में लगाना पड़ रहा है। भोजन में भी विविधता आई है और अनाज पर निर्भरता घट रही है। इतना तो तय है कि भारत में खाद्य बाजार का भविष्य उज्ज्वल है। बहरहाल, सरकारी एजेंसियों को भी विस्तृत आंकड़ों का इंतजार रहेगा, ताकि बीते दौर के साथ तुलना सहजता से संभव हो।

पहले यह आशंका जताई जा रही थी कि भारतीयों के औसत खर्च में गिरावट आई है। जब एनएसएसओ द्वारा तैयार साल 2017-18 के आंकड़े लीक हुए थे, तब इसी आधार पर सरकार की आलोचना हुई थी। बाद में उस पूरी रिपोर्ट को ही सरकार ने रद्दी की टोकरी में डाल दिया था और उसके बाद से ही यह लग रहा था कि देश में आय के घटने की वजह से प्रशासन आंकड़ों को जारी करने से बचना चाहता है। बहरहाल, रिपोर्ट का सार ही जारी किया गया है, विस्तृत रिपोर्ट के लिए कुछ इंतजार करना पड़ सकता है। किसी भी सरकार पर आंकड़े जारी करने का दबाव रहता ही है और सही आंकड़े इसलिए जरूरी हैं, ताकि उनके आधार पर बेहतर विकास योजनाओं का प्रारूप गढ़ा जा सके। यह बात छिपी नहीं है कि बीच में महामारी और लॉकडाउन से अर्थव्यवस्था में बहुत गिरावट आई थी, तब ऐसे समय के आंकड़ों को जारी न करके नेताओं ने देश को निराशा से ही बचाया, हालांकि अर्थशास्त्री इस दलील को नहीं मानेंगे। जाहिर है, अर्थव्यवस्था के विविध पहलुओं को ज्यादा समय तक छिपाया नहीं जा सकता और कभी न कभी आंकड़े सामने आते ही हैं। बेशक, जारी आंकड़े साफसंकेत कर रहे हैं कि देश विकास की ओर बढ़ रहा है और खर्च के ढर्रे में बदलाव आ रहा है। एक समय था, जब ज्यादातर परिवार अपने लिए भोजन जुटाने में ही खर्च हो जाते थे, पर अब भोजन पर होने वाले खर्च का अनुपात घट रहा है और हम बेहतर जीवन के दूसरे साधनों पर ज्यादा खर्च करने की स्थिति में आ रहे हैं। साल 2011-12 में ग्रामीण और शहरी परिवारों के कुल खर्च में खाद्य उपभोग की हिस्सेदारी क्रमश: 52.9 प्रतिशत और 46.2 प्रतिशत थी। साल 2022-23 में यह घटकर क्रमश: 46.4 प्रतिशत और 39.2 प्रतिशत रह गई है। यह सुखद है कि ग्रामीण भारतीयों को अपनी आय में से आधे से भी कम हिस्सा अब भोजन में लगाना पड़ रहा है। भोजन में भी विविधता आई है और अनाज पर निर्भरता घट रही है। इतना तो तय है कि भारत में खाद्य बाजार का भविष्य उज्ज्वल है। बहरहाल, सरकारी एजेंसियों को भी विस्तृत आंकड़ों का इंतजार रहेगा, ताकि बीते दौर के साथ तुलना सहजता से संभव हो।

## हताश युवा क्या करें?

भारत सरकार ने मान लिया है कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए रूसी सेना ने कई भारतीय युवाओं की भर्ती की है। इस प्रकरण में उठा मुख्य मुद्दा यह है कि आखिर भारतीय नौजवान कहीं भी, कैसा भी काम पाने के लिए इतने व्यग्र क्यों हैं? भारत सरकार ने स्वीकार कर लिया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए रूस की सेना ने कई भारतीय युवाओं की भर्ती की है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक ऐसे कम-से-कम 100 भारतीय नौजवान रूसी सेना में नौकरी कर रहे हैं। उनमें से कम-से-कम तीन को रूस ने मोर्चे पर तैनात किया है। यानी वे रूस की तरफ से युद्ध लड़ रहे हैं।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह संभवत: पहला मौका है, जब भारतीयों के सामूहिक रूप से भाड़े के सैनिक बनने की खबर आई है। सामने आई जानकारियों के मुताबिक रूस की सेना ने दुबई के जरिए इन भारतीयों को अनुबंधित किया। रूस के गए नौजवानों के परिजनों का दावा है कि इन लोगों की नियुक्ति रूसी सेना की सहायता के लिए की गई थी, लेकिन यूक्रेन सीमा के पास ले जाकर उन्हें बताया गया कि उन्हें लड़ाई भी लड़नी है। मुद्दा उछलने के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इन भारतीयों को स्वदेश लाने के लिए भारत सरकार रूस की सेना के साथ संपर्क में है। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को आगाह किया है कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध से अपने आपको दूर रखें। लेकिन यह सलाह बेमतलब है। जब ये नौजवान रूस चले गए, तब वहां के हालात उनके अपने हाथ में नहीं होंगे। इसलिए विचारणीय प्रश्न यह है कि आखिर भारतीय नौजवान विदेशों में कहीं भी, कैसा भी काम पाने के लिए इतने व्यग्र क्यों हैं? आखिर खुद भारत सरकार ने युद्ध-ग्रस्त इजराइल में मेहनत-मजदूरी करने के लिए हजारों युवाओं को भेजने का करार किया है। वहां जाने के लिए जुटी भीड़ में शामिल नौजावनों ने मीडिया से कहा था कि उन्हें इजराइल जाने का जोखिम मालूम है, लेकिन उन्हें लगता है कि ‘यहां भूखों मरने से बेहतर वहां काम करते हुए मरना है।’ असल मुद्दा युवाओं में समा गई यही मायूसी है। उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा में जो नजारा दिखा है, उससे आसानी से समझा जा सकता है कि ऐसी हताशा क्यों पैदा हो रही है। अगर यह स्थिति आज सार्वजनिक विमर्श में सर्व-मुख्य मुद्दा नहीं है, तो रूस गए नौजवानों की तमाम चिंताएं निरर्थक समझी जाएंगी।

## भारत की रूस चिंता

विदेश मंत्री जयशंकर के हालिया भाषणों से भारत की यह इच्छा जाहिर होती है कि पश्चिमी देश भारतीय जरूरतों के मुताबिक अपनी नीतियों को ढालें। वे ऐसा रुख ना अपनाएं, जिससे रूस ज्यादा से ज्यादा चीन के करीब चला जाए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले हफ्ते एक जर्मन अखबार को दिए इंटरव्यू में पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद रूस से तेल खरीदने के भारत के फैसले का बचाव किया। कहा कि मॉस्को ने कभी भी भारत के हितों को नुकसान नहीं पहुंचाया है। दोनों देशों के बीच हमेशा स्थिर और दोस्ताना संबंध रहे हैं। ये बात जयशंकर ने ठीक उस समय कही, जब रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवालनी की मौत से पश्चिमी देश भड़के हुए थे। साथ ही यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरा होने वाले थे।

इस मौके पर अमेरिका और यूरोपीय देशों ने रूस पर पांच सौ नए प्रतिबंध लगाने का एलान किया, जिसके दायरे में रूस से कारोबार करने वाली कुछ भारतीय कंपनियां भी आ गई हैं। उसी माहौल के बीच नई दिल्ली में रायसीना डायलॉग को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि पश्चिमी देशों को चाहिए कि वे दरवाजे बंद करने के बजाय रूस को अधिक विकल्प उपलब्ध कराएं, ताकि वह चीन के ज्यादा करीब ना चला जाए। विदेश मंत्री ने यहां चीन के खिलाफ अपनी नाराजगी फिर जताई। कहा कि चीन को ‘माइंड गेम’ खेलने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए, जो अन्य देशों को सहभागियों के साथ मिलकर काम करने से रोकना चाहता है। निहितार्थ यह कि चूंकि भारत ने अमेरिका के साथ सहभागिता बनाई है, इसलिए चीन ने भारत के खिलाफ सख्त रुख अपना रखा है। वह चाहता है कि भारत अमेरिका से दूरी बनाए, तब वह 2020 में सीमा पर बने गतिरोध को दूर करने पर राजी होगा।

> “ तमिलनाडु में भाजपा प्रमुख अन्नामलाई ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जबर्दस्त जोश भर दिया है, उम्मीद है कि यहां पार्टी का मत प्रतिशत 3.71 की तुलना में दोहरे अंक में पहुंच सकता है। मगर द्रमुक गठबंधन यहां मजबूत स्थिति में दिख रहा है, क्योंकिअन्नाद्रमुक व भाजपा का साथ टूट चुका है, इसलिए यहां विपक्ष बिखरा हुआ है। कुल मिलाकर, जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी को कमी नजर आएगी, वहां-वहां प्रधानमंत्री मोदी को ही बतौर ‘ब्रह्मास्त्र’ पेश किया जाएगा।

# दक्षिण में भी पूरा दम लगाती भाजपा

एस श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार

आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को दक्षिण भारत की सियासी पिच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्मे पर ज्यादा भरोसा है। पार्टी पांचों दक्षिणी राज्यों में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने के लिए अलग-अलग रणनीति पर काम कर रही है। यहां दांव पर 130 सीटें हैं, जिनमें से भाजपा ने 2019 के चुनाव में 30 सीटों पर बाजी मारी थी। इनमें से कर्नाटक में उसे सर्वाधिक 51 प्रतिशत मत हासिल हुए थे, जबकि तमिलनाडु में सबसे कम 3.71 प्रतिशत। पुडुचेरी में उसने किसी को मैदान में नहीं उतारा था। पांचों दक्षिणी राज्यों में भाजपा का मत-प्रतिशत करीब 20 था, लेकिन पुडुचेरी को मिलाने के बाद यह घटकर 16.5 प्रतिशत हो जाता है। इस साल पार्टी ने देश भर में 50 प्रतिशत मत हासिल करने का लक्ष्य बनाया है, जिसके लिए वह उत्तर ही नहीं, दक्षिण भारत में भी खूब मेहनत कर रही है।

इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिणी राज्यों में लगातार दौरे कर रहे हैं और विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन कर रहे हैं। अपने मंत्रियों को भी लगातार इन राज्यों में भेज रहे हैं और उनसे लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताने को कह रहे हैं। पार्टी ने उचित ही सबसे ज्यादा ध्यान कर्नाटक पर लगाया है, जहां से पिछले आम चुनाव में उसे 26 सीटें मिली थीं। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की दुखद पारी के बाद पार्टी ने खुद को पुनर्गठित करने में कुछ वक्त लिया और अंत में हाशिये पर धकेल दिए गए बीएस येदियुरप्पा पर फिर से भरोसा करना उचित समझा। उनको न सिर्फ फिर से जिम्मेदारी दी गई है, बल्कि उनके बेटे बी वाई विजयेंद्र को राज्य भाजपा प्रमुख बनाया गया है। भाजपा को लगता है कि इससे लिंगायतों के वोट उसे वापस मिल सकते हैं, जो एक दबदबे वाली जाति है।

एक अन्य रणनीतिक कदम के तहत यह पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के नेतृत्व वाले जनता दल (एस) के साथ गठबंधन करने जा रही है और उसे पांच सीटों की पेशकश की है। पार्टी का मानना है कि इससे मैसूर क्षेत्र में वोक्कालिगा के कुछ वोट उसकी झोली में आ सकते हैं। यह स्थिति 2019 के चुनाव से अलग है, जब पार्टी ने अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया था और जद (एस) व कांग्रेस साथ थे।

पिछले विधानसभा चुनाव में हिजाब, हलाला और लव जेहाद जैसे मुद्दों को उठाने वाली भाजपा इस बार हिंदुत्व पर कुछ नरम नजर आ रही है। उसके बजाय संघ परिवार के लोग हनुमान ध्वज को लेकर अपनी सक्रियता दिखा रहे हैं। उधर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया आर्थिक संसाधनों के जायज बंटवारे का मुद्दा उठाकर केंद्र सरकार पर पक्षपात करने का आरोप लगा रहे हैं। वैसे, भाजपा के मजबूत राष्ट्रवाद के विरुद्ध उप-राष्ट्रवाद (किसी जाति या



स्थानीय आकांक्षा) को आगे बढ़ाने का प्रयास केरल और तमिलनाडु जैसे पड़ोसी राज्यों के मुख्यमंत्री भी कर रहे हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी तो इस तरह के एजेंडे को कहीं अधिक सूक्ष्म रूप से आगे बढ़ा रहे हैं।

केरल में भाजपा 2019 में दोहरे अंकों में मत-प्रतिशत पाने में सफल रही थी, लेकिन उसे कोई सीट नहीं मिल सकी थी। इस बार पार्टी अपना खाता खोलने के लिए कुछ सीटों पर ही ध्यान लगा रही है। पार्टी का मानना है कि पूरे प्रदेश में मत प्रतिशत बढ़ाने के बजाय कुछ खास निर्वाचन क्षेत्रों पर प्रयास करना उसके लिए ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। इस बार वह तिरुवनंतपुरम, त्रिशूर और पथानामथिट्टा जैसी सीटों पर काम कर रही है, जहां वह या तो दूसरे स्थान पर थी या कांग्रेस व माकपा के बाद तीसरे पायदान पर। मोदी के करिश्मे के अलावा, अभिनेता सुरेश गोपी को टिकट देकर पार्टी यहां ‘स्टार पावर’ पर भी भरोसा कर रही है, जो त्रिशूर विधानसभा चुनाव में भाजपा के मत प्रतिशत को 31 तक बढ़ाने में कामयाब रहे हैं।

भाजपा की तरह माकपा भी थॉमस इसाक और शैलजा टीचर जैसी प्रभावी शख्सियतों को मैदान में उतारकर अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिश कर रही है। मगर ऐसा लगता है कि यह पहल काम नहीं कर रही, क्योंकि उनमें से कई ने चुनाव लड़ने में अनिच्छा दिखाई है। रही बात कांग्रेस की, तो वह राहुल गांधी की छवि पर भरोसा कर रही है, क्योंकि उनके फिर से वायनाड से चुनाव लड़ने की संभावना है। केरल में मतदाता लोकसभा और राज्य विधानसभा के चुनावों में अलग-अलग पैमाने पर प्रतिनिधि चुनते हैं। राज्य में जहां उनका भरोसा पी विजयन पर है, तो लोकसभा के लिए वह राहुल गांधी के साथ जा सकते हैं, फिर चाहे वह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार न भी हों।

तेलंगाना में भाजपा को 2019 में चार सीटें मिली थीं और इस बार वह इसे बढ़ाने को उत्सुक है। मगर विधानसभा चुनावों में बीआरएस के साथ अंदरखाने तालमेल का उसका फैसला कोई काम नहीं कर सका, इसलिए इस बार वह दुविधा में दिख रही है। 2019 में कांग्रेस वहां खस्ताहाल थी, पर इस बार वह एक मजबूत ताकत है। इसीलिए, तेलंगाना का चुनावी दंगल काफी दिलचस्प होने वाला है। रेवंत रेड्डी न सिर्फ बीआरएस नेता चंद्रशेखर राव के प्रभाव को खत्म करने की कोशिश में जुटे हैं, बल्कि अपने काडरों को भी काफी उत्साहित कर रहे हैं, जो अब भाजपा से मुकाबले के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं।

आंध्र प्रदेश भी इन सबसे अलग नहीं है। यहां मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की बहन शर्मिला रेड्डी की अचानक आमद के बाद राजनीति में हलचल मच गई है। अपनी पार्टी का विलय करने और राज्य कांग्रेस प्रमुख बनने के बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया है और अपने भाई को हटाने के अपने दुस्साहसिक प्रयासों से हर रोज सुर्खियां बटोर रही हैं। यहां 2019 में भाजपा का मत-प्रतिशत था 11.70, लेकिन उसे कोई सीट नहीं मिली थी। छह महीने पहले उसके लिए धर्मसंकट तब पैदा हो गया था, जब टीडीपी और वाईएसआर कांग्रेस, दोनों पार्टियां उसके साथ गठबंधन बनाने की कोशिश कर रही थीं। तमिलनाडु में भाजपा प्रमुख अन्नामलाई ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जबर्दस्त जोश भर दिया है, उम्मीद है कि यहां पार्टी का मत प्रतिशत 3.71 की तुलना में दोहरे अंक में पहुंच सकता है। मगर द्रमुक गठबंधन यहां मजबूत स्थिति में दिख रहा है, क्योंकिअन्नाद्रमुक व भाजपा का साथ टूट चुका है, इसलिए यहां विपक्ष बिखरा हुआ है। कुल मिलाकर, जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी को कमी नजर आएगी, वहां-वहां प्रधानमंत्री मोदी को ही बतौर ‘ब्रह्मास्त्र’ पेश किया जाएगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को गति देने रोड मैप तैयार

उप संचालक घनश्याम केशरवानी

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में छत्तीसगढ़ को विकसित और समृद्ध राज्य बनाने के लिए रोड मैप की स्पष्ट रूप रेखा भी दिखती है। छत्तीसगढ़ सरकार के बजट में सेवाक्षेत्र को बढ़ावा देने की रणनीति शामिल की गई है। आईटी सेक्टर, हेल्थ डेस्टिनेशन, ईको-टूरिज्म सर्किट, वेडिंग डेस्टिनेशन, बिजनेस टूरिज्म, कान्फ्रेंस डेस्टिनेशन जैसे नये उभरते हुए संभावनाओं वाले क्षेत्रों का लाभ प्रदेश के युवाओं और उद्यमियों को मिलेगा।

बजट में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए खुले मन से राज्य में निवेशकों का स्वागत करने की बात कही गई है, इसके लिए राज्य में रेड टेपिज्म के स्थान पर रेड कारपेट की नीति होगी। उद्योगों की स्थापना के लिए ‘मिनिमम गर्वमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस’ की नीति पर काम होगा। इज ऑफ डूइंग बिजनेस, सिंगल विण्डो प्रणाली, ऑनलाईन परमिशन, मिनिमम परमिशन जैसी नीति लागू होंगी। पब्लिक-प्राइवेट-पॉर्टनरशिप के लिए नीति आयोग और भारतीय प्रबंध संस्थानों के विशेषज्ञों का सहयोग लिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ की भौगोलिक विशेषताओं के अनुरूप आर्थिक विकास के लिए विकेन्द्रीकृत नीति पर काम होगा, इसके लिए विकेन्द्रीकृत विकास पॉकेट की स्थापना की जाएगी। रायपुर, भिलाई सहित आसपास के क्षेत्रों को स्टेट कैपिटल के रूप में विकसित करने की योजना भी तैयार की जाएगी। इन क्षेत्रों में विश्व स्तरीय आईटी सेक्टर, वेडिंग डेस्टिनेशन, हेल्थ डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। नवा रायपुर, अटल नगर में ‘लाईवलीहुड सेंटर ऑल एक्सीलेंस’ एवं दुर्ग जिले में ‘सेंटर ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप’ स्थापित किया जाएगा। स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने के लिए इन्यूबेशन सेंटर की स्थापना तथा बी.पी.ओ. एवं के.पी.ओ. को आकर्षित करने के लिए आई.टी. पार्क की स्थापना की जाएगी।



छत्तीसगढ़ राज्य के बजट में रायपुर, नवा रायपुर अटल नगर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, अंबिकापुर, जगदलपुर, कोरबा एवं रायगढ़ जैसे प्रमुख नगरों को ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित करने की बात कही गई है। कोरबा, जांजगीर, रायगढ़, उरला, सिलतरा जैसे क्षेत्रों में वहां की आवश्यकता के अनुरूप औद्योगिकरण की नीति बनायी जाएगी। मैदानी कृषि प्रधान जिलों में कृषि आधारित विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए विशेष फोकस किया जाएगा।

बस्तर-सरगुजा क्षेत्र में आर्थिक विकास की दृष्टि से एयर कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए सार्थक पहल की जाएगी। इन क्षेत्रों को इको-टूरिज्म एवं नैचरोपैथी डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य के पांच शक्तिपीठों को धार्मिक, पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। बस्तर क्षेत्र में लघु वनोपज प्रसंस्करण हेतु उद्योगों की स्थापना की जाएगी। सरगुजा क्षेत्र में उद्यानिकी एवं मछली पालन की संभावनाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस प्रकार समन्वित प्रयास करते हुए इन क्षेत्रों की आर्थिक संभावनाओं को मूर्त रूप दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अनेक अवसरों पर कहा है कि हमने अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का संकल्प लिया है। हमारा लक्ष्य विकसित छत्तीसगढ़ बनाना है। हम विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने के लिए बजट में तैयार किए गए रोडमैप के अनुरूप कार्य करेंगे। राज्य की अर्थव्यवस्था को तेजी से विकसित करने और उच्च विकास दर हासिल करने के लिए बजट में अनेक प्रावधान किये गये हैं, इस वर्ष राज्य के बजट में पूंजीगत व्यय में वृद्धि की गयी है।

# भारत जैसी विविधता वाले देश पापुआ न्यू गिनी से सबक

नितिन पई,निदेशक, तक्षशिला संस्थान

पापुआ न्यू गिनी देश इस बात की मिसाल है कि बहुत ज्यादा विविधता वाले समाज तब तक गहरे संकट में पड़े रह सकते हैं, जब तक कि वे खुद को नियंत्रित करने के लिए जरूरी सामाजिक पूंजी विकसित नहीं कर लेते। यह देश इंडोनेशिया के सबसे पूर्वी हिस्से में और ऑस्ट्रेलिया के उत्तर-पूर्व में स्थित द्वीप समूह पर बसा है। इसकी प्रसिद्धि का सबसे बड़ा दावा यह है कि इसकी आबादी दुनिया में सबसे वैविध्यपूर्ण है, जहां 850 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं और हजारों जातियां व जनजातियां बसी हैं। पापुआ महाराष्ट्र या गुजरात के आकार का देश है, जहां एक करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं।

यह देश ज्वालामुखी विस्फोट, शहरी दंगों, अंतर-आदिवासी हिंसा, ईंधन की कमी, विदेशी मुद्रा समस्याओं और प्रधानमंत्री को बदलने के लिए चल रही संसदीय साजिशों से गुजरता रहा है। आप कह सकते हैं कि यह देश अनेक प्रकार के संकटों में फंसा हुआ है। 150 साल पहले यूरोपीय उपनिवेशीकरण से पहले जिन लोगों की सामाजिक संरचना एक गांव से भी बड़ी नहीं थी, वे अब एक आधुनिक राज्य के नागरिक हैं। यहां अनेक छोटे-छोटे समूह अपनी-अपनी भाषा-बोली को बचाए हुए हैं। अपनी जाति और जनजाति के प्रति यहां लोगों में गजब की निष्ठा है। लोग नेताओं से उम्मीद करते हैं कि वे सामाजिक समूह के हित का पूरा ध्यान रखेंगे। ऐसे में, वे राष्ट्रीय शासन की तुलना में स्थानीय शासन के प्रति ज्यादा लगाव दिखाते हैं। एक और खास बात यह है कि विदेशी मिशनरियों ने यहां भले ही लोगों को बड़ी संख्या में ईसाई बना दिया है, पर लोग अपनी आदिवासी पहचान को भी बनाए हुए हैं। 1975 में ऑस्ट्रेलिया से आजादी मिलने के बाद पापुआ न्यू गिनीवासियों ने एक राष्ट्रीय पहचान बनाने की कोशिश की है, पर यह काम अभी भी प्रगति पर है। एकेश्वरवादी धर्म, राष्ट्रवाद और सर्वदेशीयवाद के सामने जनजातीय समूह शक्तिशाली बने हुए हैं।



यह देश इतनी विविधताओं से भरा है कि सदियों तक इसका समाज खुद को आदिवासी संघों में संगठित नहीं कर सका है, शासन और प्रशासन को तो छोड़ ही दें। यहां ग्रामीण समुदाय भौगोलिक रूप से इतने अलग-थलग, सांस्कृतिक रूप से अलग और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं कि वे एकजुट होकर एक बड़ी इकाई नहीं बना सके हैं। दरअसल, इस देश को जिस गति से सामाजिक पूंजी का निर्माण करना चाहिए था, वह नहीं हो पाया। यह देश न सुदृढ़ राजनीतिक तंत्र सुनिश्चित कर सका है, न कानून का शासन बनाए रख सका और न बुनियादी सार्वजनिक वस्तुओं-सुविधाओं का विकास हुआ है।

मतलब, अति-विविधता के चलते यहां सामाजिक पूंजी बहुत कमजोर रही है, जिससे किसी सार्थक पैमाने पर लोगों से प्रभावी सहयोग लेना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में, निम्न मानव विकास संकेतक, उच्च अपराध और भ्रष्टाचार को भी बल मिलता है। छोटे-छोटे समूह अपने-अपने लोगों को रोजगार व सुविधा दिलाने की कोशिश करते हैं, जैसे भारत में भी कई परिवारों, समूहों या जातियों में देखने में आता है। भारतीय समाज में भी पापुआ की तरह ही समस्याएं हैं। यहां भी चुनावी राजनीति शासन के विभिन्न दृष्टिकोणों पर नहीं, बल्कि अपने-अपने समूह के ईद-गिर्द संगठित होती है। बड़ी संख्या में ऐसे दल और नेता हैं, जो बार-बार अपने स्वार्थ के लिए हस्तक्षेप करते हैं। ऐसे में, सरकारें कुल वोटों के आधे से भी कम वोटों के साथ शासन करती हैं। संघवाद खराब नजर आने लगता है। भाषा को लेकर भी झगड़े होते रहते हैं और किसी भी कानून को सभी पर लागू करने में कठिनाई आती है।

फिर भी यह ध्यान देने की बात है कि अति-विविधता वाला भारत बेहतर प्रदर्शन करने में क्यों सक्षम है? हमारे पास साझी सभ्यता, भूगोल व मजबूत सामुदायिक भावना है। हमारी धार्मिक, जातीय और राष्ट्रीय पहचान जातिगत सीमाओं से ऊपर उठ जाती है। समाज के रूप में भारतीयों की समझ विकसित है। इसी बुनियाद पर हम सामाजिक पूंजी का व्यापक भंडार बना सकते हैं, ताकि सभी समूहों को जोड़ सकें और सभी को लाभ पहुंचा सकें। बहरहाल, पापुआ की चुनौती अपने सैकड़ों छोटे समाजों को एक देश में बदलना है। यह आसान नहीं होगा। यह काम इस देश के लोगों को ही करना होगा। भारत भी इसकी मिसाल है कि मजबूत देश बनाने के प्रयासों का कोई अंत नहीं है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## बिहार, झारखंड में कांटे की लड़ाई

हरिशंकर व्यास

भारतीय जनता पार्टी 370 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जिन राज्यों में पिछली बार का प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद कर रही है उनमें बिहार और झारखंड दोनों शामिल हैं। बिहार में पिछली बार 40 में से 39 सीटें एनडीए को मिली थी जिसमें भाजपा को अकेले 17 सीटें मिली थीं। इस बार भाजपा को इसमें मुश्किल दिख रही थी तो उसने किसी तरह से राजद और जदयू का गठबंधन तुड़वा कर नीतीश कुमार के साथ तालमेल किया है। इसके बावजूद भाजपा को गारंटी नहीं है कि वह पिछला प्रदर्शन दोहरा पाएगी। इसी तरह झारखंड में भाजपा और उसकी सहयोगी को राज्य की 14 में से 12 सीटें मिली थीं। लेकिन उसके तुरंत बाद हुए विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उसे हरा दिया था। तब से भाजपा किसी तरह से सरकार को अस्थिर करने में लगी थी। चुनावी साल में जेएमएम नेता हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी ने विपक्ष का वोट एकजुट किया है। वहां आधा दर्जन सीटों पर भाजपा के लिए मुश्किल लड़ाई दिख रही है। ओवरऑल वोट में भाजपा बहुत आगे है। उसे 56 फीसदी वोट मिले थे, जबकि जेएमएम और कांग्रेस अलायंस को 35 फीसदी वोट मिले थे। यानी 21 फीसदी वोट का अंतर था। लेकिन सीटवार देखें तो पिछले लोकसभा चुनाव में झारखंड में भाजपा ने लोहरदगा, खूंटी और दुमका सीट बहुत कम अंतर से जीती थी। खूंटी में अर्जुन मुंडा महज डेढ़ हजार वोट से जीते थे, जबकि लोहरदगा सीट पर सुदर्शन भगत 10 हजार वोट से जीते थे।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110



# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित होने बैंक खाते में आधार सीडिंग कराना अनिवार्य

**बालोद।** महतारी वंदन योजना के तहत बालोद जिले में 02 लाख 53 हजार से अधिक महिलाओं के द्वारा आवेदन पत्र भरा गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि राज्य शासन स्तर पर इन महिलाओं द्वारा प्रस्तुत बैंक खाते में आधार सीडिंग संबंधी जानकारी का परीक्षण नेशनल पेमेंटस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) से कराये जाने पर बड़ी संख्या में महिलाओं के बैंक खाते में आधार सीडिंग न होने की सूचना प्राप्त हुई है। जबकि महतारी वंदन योजना के आवेदन पत्रो को जमा कराते समय यह स्पष्ट रूप से सभी को सूचित किया गया था कि महिलाओं द्वारा प्रस्तुत बैंक खाता आधार सीडेड होना अनिवार्य है। उपरोक्त तथ्य को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों एवं परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को आधार सीडिंग विहीन महिलाओं की सूची प्रेषित करते हुए उन्हें इन सभी महिलाओं की आधार सीडिंग तत्काल कराने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सभी बैंको के शाखा प्रबंधकों को महिलाओं के खाते में आधार सीडिंग का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने हेतु समुचित व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि बैंक खाते में आधार सीडिंग कराने हेतु संबंधित महिला को बैंक की पासबुक एवं आधार कार्ड की प्रति संबंधित बैकों में प्रस्तुत करना अनिवार्य है ताकि संबंधित बैकों के द्वारा खाते में आधार क्रमांक अंकित किया जा सके। राज्य शासन द्वारा यह स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि महतारी वंदन योजना के तहत केवल आधार सीडेड बैंक खातो के माध्यम से ही पात्र महिला हितग्राहियों को निर्धारित राशि का भुगतान किया जाएगा।

### जिले के 10 केडिटो को मिला गोल्डन एरो अवार्ड

**कोरबा।** जिले के 10 कब, बुलबुल ने राष्ट्रीय स्तर का गोल्डन एरो अवार्ड प्राप्त किया है। ये सभी कब, बुलबुल कोरबा विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला, ग्राम कचांदी में अध्ययनरत हैं। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा गदपुरी, हरियाणा स्थित नेशनल यूथ कॉम्प्लेक्स में गोल्डन एरो अवार्ड रैली- 2023 का आयोजन 19 से 23 फरवरी तक किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय स्तरीय कब बुलबुल उत्सव भी आयोजित हुआ। छत्तीसगढ़ सहित 21 राज्यों से सवा तीन सौ कब, बुलबुल सम्मिलित हुए। जिले से छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए कब साहिल कुमार, दीवेश कुमार, विनय कुमार, सुनील एवं बुलबुल जान्हवी मंझवार, सविता कुमारी, करीना, जयंती, अंकिता ने भागीदारी की और गोल्डन एरो अवार्ड प्राप्त किया। स्वास्थगत कारणों से सुनीता कुमारी रैली में भाग नहीं ले सकीं। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के कब, बुलबुल सेक्शन का यह उच्च पुरस्कार है। गोल्डन एरो अवार्ड मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डा. केके खंडेलवाल के हाथों प्राप्त किया गया। कब बुलबुल उत्सव के दौरान आयोजित हुई विभिन्न गतिविधियिं में भागीदारी करते हुए छत्तीसगढ़ी की कला संस्कृति को प्रदर्शित किया गया। बुलबुल ट्री एवं बुलबुल ग्रीटिंग में छत्तीसगढ़ को द्वितीय स्थान मिला। कब, बुलबुल के साथ प्रभारी के रूप में एचडब्ल्यूबी फ्लॉक लीडर नमिता श्याम कुंवर कड़वे एवं रोवर लीडर राजीव साहू साथ रहे। चरणबद्ध शिविरों में भागीदारी करते हुए कब, बुलबुल गोल्डन एरो अवार्ड तक पहुंचते हैं।

# मीसाबंदियों की सम्मान निधि फिर शुरू होगी: विष्णु देव साय

- कुरूद क्षेत्र में मिल्क रूट और चिलिंग प्लांट की स्थापना की जाएगी
- मुख्यमंत्री साय के विभागों के लिए 8421 करोड़ 82 लाख रुपए की अनुदान मांगे पारित
- मोदी की गारंटी पर देश के बच्चे-बच्चे को है भरोसा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। अनुदान मांगों में सामान्य प्रशासन विभाग के लिए 475 करोड़ 39 लाख 81 हजार रुपए, सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित अन्य व्यय के लिए 74 करोड़ 18 लाख 29 हजार रुपए, वाणिज्यिक विभाग(आबकारी) के लिए 432 करोड़ 3 लाख 44 हजार रुपए, ऊर्जा विभाग के लिए 3990 करोड़ 56 लाख 89 हजार रुपए, पशुपालन विभाग के लिए 513 करोड़ 1 लाख 58 हजार रुपए, मछलीपालन विभाग के लिए 106 करोड़ 19 लाख 49 हजार रुपए, खनिज साधन विभाग के लिए 1340 करोड़ 62 लाख 73 हजार रुपए, जनसंपर्क विभाग के लिए 443 करोड़ 87 लाख 20 हजार रुपए, पुनर्वास विभाग के लिए 2 करोड़ 75 लाख 40 हजार रुपए, परिवहन विभाग के लिए 151 करोड़ 8 लाख 20 हजार रुपए, ग्रामोद्योग विभाग के लिए 217 करोड़ 31 लाख 74 हजार रुपए, जिला परियोजनाओं से संबंधित व्यय के लिए 208 करोड़ 53 लाख रुपए, विमानन विभाग के लिए 200 करोड़ 48 लाख 36 हजार रुपए, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के लिए 265 करोड़ 75 लाख 95 हजार रुपए की अनुदान मांगें पारित की गई।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सरकार की पिछले तीन महीने की उपलब्धियों को भी साझा किया। मुख्यमंत्री ने चर्चा का जवाब देते हुए मीसाबंदियों की सम्मान निधि फिर से प्रारंभ करने और कुरुद क्षेत्र में मिल्क रूट स्थापित करने एवं चिलिंग प्लांट लगाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी की गारंटी पर देश के बच्चे-बच्चे को भरोसा है। उन्होंने जो भी वायदे देश की जनता से किये, वो पूरा किया। मोदी जी ने जो गारंटी छत्तीसगढ़ की जनता को दी थी उसमें बहुत सी महत्वपूर्ण गारंटियों को हमने तीन महीनों में ही पूरा कर लिया है। 18 लाख हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास देने के लिए हमने राज्यांश की व्यवस्था कर ली है। किसानों को दो साल की बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए हमने दी है। हम किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की है। किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विण्टल के मान से धान की कीमत देंगे। किसानों को अभी समर्थन मूल्य का भुगतान किया गया है। शीघ्र ही उन्हें अंतर की राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। इस साल लगभग 145 मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। युवाओं से वायदा किया था कि पीएससी भर्ती में हुई शिकायतों की जांच कराएंगे। इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। मोदी जी की गारंटी के अनुरूप महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिलाओं को सालाना राशि 12 हजार रुपए देने के लिए हम महिलाओं से आवेदन ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रालय के कार्यों में चिप्स की मदद से डिजीटल सचिवालय परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। सामान्य प्रशासन विभाग में 134 पदों का सृजन किया जाएगा। एन्टी करप्शन ब्यूरो कार्यालय को अधिक सशक्त बनाने के लिए दुर्ग संभाग में एन्टी करप्शन ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना की जाएगी। इसके लिए विभिन्न संवर्गों के 35 पदों, राज्य आर्थिक अपराध ब्यूरो में 06 नवीन पदों के सृजन का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं आवागमन से संबंधित अधोसंरचनाओं के रख-रखाव एवं उन्नयन संबंधी कार्यों के लिए 50 करोड़ 1 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आबकारी विभाग के अंतर्गत जिला स्तरीय उड़नदस्ता के गठन के लिए 188 नवीन पद, आबकारी थानों और



जांच चौकियों के गठन के लिए 325 नवीन पदों तथा लिपिकीय श्रेणी के 168 पदों का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को निःशुल्क बिजली प्रदान करने के लिए 3 हजार 500 करोड़ रुपए और कृषि पंपों के ऊर्जीकरण के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, इससे 20 हजार कृषि पंपों का ऊर्जीकरण किया जाएगा। घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल में रियायत देने के लिए वर्ष 2024-25 के बजट में 01 हजार 274 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि बीपीएल उपभोक्ताओं को दी जा रही रियायतों के लिए 539 करोड़ 60 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पशुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए 513.01 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। पशु संवर्धन एवं नस्ल सुधार कार्यक्रम के लिए भी 63 करोड़ 75 लाख 55 हजार रूपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए हितग्राही मूलक योजनाओं के लिए बजट में 180 करोड़ 04 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है, जो गतवर्ष की तुलना में 10.93 प्रतिशत अधिक है। मत्स्य पालन को बढ़ावा देने महासमुन्द, सक्ती, राजनांदगांव, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर तथा जशपुर जिले में नवीन मत्स्य बीज प्रक्षेत्र की स्थापना कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने खनिजों के परिवहन में पारदर्शिता के लिए खनिज परिवहन हेतु ऑनलाईन ई-ट्रांजिट पास जारी करने की व्यवस्था पुनः आरंभ कर दी है। वित्तीय वर्ष के अंत तक खनिजों के माध्यम से 13 हजार करोड़ रूपए का खनिज राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को मकान बनाने के लिए रेत उपलब्ध कराई जा रही है। लीज स्थलों पर छोटी गाड़ी से रेत ले जाने की सुविधा प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रिंट मीडिया के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में प्रदर्शन विज्ञापन हेतु 110 करोड़ रूपए तथा वर्गीकृत विज्ञापन के लिए 22 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। विभाग के क्षेत्र प्रचार में 120 करोड़ रूपए की राशि का प्रावधान रखा गया है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मद से विज्ञापन के लिए 90 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है। न्यू मीडिया के मद में 40 करोड़ रूपए की राशि का प्रावधान रखा गया है। प्रकाशन मद के तहत 20 करोड़ रूपये का प्रस्ताव रखा गया है। आदिवासी उपयोजना अंतर्गत 10 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने 25 स्थानों पर एएनपीआर कैमरा, महिलाओं की सुरक्षा हेतु निर्भया फ्रेमवर्क के तहत सार्वजनिक परिवहन की गाड़ियों मे व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस एवं इमरजेंसी बटन लगाने का निर्णय लिया गया है। परिवहन सुविधा केन्द्रों की संख्या 01 हजार तक करने की योजना है। परिवहन विभाग द्वारा अंतर्राज्यीय परिवहन चेकपोस्ट एवं परिवहन उड़नदस्ता के द्वारा ओव्हरलोडिंग की जांच के लिए राज्य में कुल 42 वे-ब्रिज की स्थापना के लक्ष्य के विरूद्ध 19 की स्थापना की जा चुकी है। आरवीएसएफ के माध्यम से स्क्रैप कराने पर पुराने वाहन के बकाया टैक्स में 1 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। छत्तीसगढ़ के समस्त परिवहन कार्यालयों में ऑटोमेटेड ड्रायविंग टेस्ट ट्रैक का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिए तथा इसके माध्यम से अधिकाधिक लोगों को आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए हमने 266 करोड़ 13 लाख 65 हजार रूपए का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि बुनकरों, शिल्पियों की कला को बढ़ावा देने के लिए एवं इनके उत्पादों की मार्केटिंग के लिए 80 करोड़ रूपए की लागत से यूनिटी मॉल की स्थापना का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बलरामपुर हवाई पट्टी के लिए 1200 करोड़, जशपुर हवाई पट्टी के लिए 412 करोड़, कोरबा हवाई अड्डे विकास के लिए 250 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

## मंत्री अग्रवाल के निर्देश में राजिम कुंभ कल्प मेले में बना अस्थायी अस्पताल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ।** धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश पर राजिम कुंभ कल्प 2024 मेला में आने वाले समस्त श्रद्धालुओं के उत्तम स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा मेला स्थल में गरियाबंद, रायपुर और धमतरी जिले द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाया गया है। मेला स्थल में 10-10 बिस्तरों का अस्थायी अस्पताल बनाया गया है। इन अस्पतालों में 24 घंटे डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टॉफ और लैब टेक्नीशियन पदस्थ किए गए हैं।

जिससे लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और इलाज की सुविधाएं मिल रही है। साथ ही जरूरतमंदों को आवश्यकतानुसार दवाइयों का भी वितरण किया जा रहा है। मेडिकल कैंप में पहुंचने वाले मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार पर्याप्त ईलाज देने की संपूर्ण व्यवस्था है। इसके लिए स्वास्थ्य




विभाग द्वारा प्रत्येक अस्थायी अस्पताल में पैथोलॉजी लैब सहित ऑक्सीजन सिलेण्डर, इसीजी की व्यवस्था की गई है। ताकि आपालकालीन स्थिति में भी मरीज को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया जा सके।

अस्पताल में पदस्थ डॉक्टरों ने बताया कि अभी तक कोई भी इमरजेंसी मामले नहीं आए हैं। अगर कोई इमरजेंसी आती है, तो हम उसके लिए तैयार हैं। प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल मरीज की स्थिति को देखते हुए निकटतम अस्पताल में एंबुलेंस द्वारा पहुंचाने की पर्याप्त व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई है। अभी सिर्फ मौसमी बीमारी के मरीजों की संख्या दर्ज हुई है। उन्हें उनके मर्ज के हिसाब से उनको निःशुल्क दवाईयां दी जा रही है तथा स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित सलाह और दवाईयां दी जा रही है। अस्थायी अस्पताल में पैथोलॉजी लैब की पर्याप्त व्यवस्था है, जिसमें रक्त परीक्षण सहित इसीजी, बीपी, शूगर, हिमोग्लोबिन आदि की निःशुल्क जांच की जा रही है।

राजिम कुंभ मेला स्थल में आयुर्वेदिक अस्पतालों की भी अस्थायी व्यवस्था की गई है, जहां पर दिन रात डॉक्टर मरीज के उपचार के लिए तैनात हैं और उन्हें आयुर्वेदिक चिकित्सा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। डॉ. शिवानी बंजारे ने बताया कि हमारे पास आने वाले मरीज को उसकी बीमारी के अनुसार उपचार किया जा रहा है। ज्यादा गंभीर मरीज को निकट के अस्पताल में उपचार हेतु भेजने की व्यवस्था है। राजिम कुंभ मेले में आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र के खोले जाने से लोगों के बीच में आयुर्वेदिक इलाज के प्रति काफी रूझान देखने को मिला है। मेला आने वाले एलोपैथिक इलाज से पहले आयुर्वेदिक दवाईयां लेना ज्यादा पसंद कर रहे हैं, जो आयुर्वेद के प्रति अच्छा संकेत है।

## उल्लास एप के माध्यम से होगा सर्वे एप में होगा असाक्षरों का पंजीयन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भानुप्रतापपुर।** कलेक्टर एव अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर के मार्गदर्शन में भानुप्रतापपुर विकासखण्ड लोक शिक्षा समिति में निरक्षरों को साक्षर करने के लिए ग्राम पंचायत एवं वार्डवार प्रभारियों एवं सर्वे प्रभारियों की बैठक खण्ड शिक्षा अधिकारी सदे सिंह कोमरे ने लेकर शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्य को समय सीमा पर पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि केन्द्र प्रवर्तित भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप केन्द्र प्रयोजित योजना 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' चलाया जा रहा है।

इस योजना के पांच घटक हैं, बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यवसायिक कौशल और सतत शिक्षा है। इस योजना में 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षर लोगों को साक्षर किया जाना है। इस हेतु सभी चिन्हित ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायत के चार वार्डों में प्रभारी एवं सर्वे प्रभारी नियुक्त किया जा चुका है । सभी सर्वे प्रभारी अपने अपने ग्राम में सर्वे कर असाक्षरों का सर्वे कर उसे उल्लास एप में प्रविष्टि करेंगे। सभी सर्वे प्रभारी अपना अपना एप चालू कर ले । सर्वे के बाद कक्षा का संचालन किया जावेगा।

### पढ़ते-पढ़ते नींद आ जाती है, पढ़ा याद नहीं रहता, क्या करें

# हेल्पलाईन पर अब तक 344 फोन कॉल का निराकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं के संदर्भ में हेल्पलाईन 2024 का 22 फरवरी से 22 मार्च तक संचालन किया जा रहा है। हेल्पलाईन में रसायन शास्त्र विषय की विशेषज्ञ कादम्बिनी पटले ने रसायन शास्त्र विषय की परीक्षा की तैयारी के संबंध में विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान किया।

मनोवैज्ञानिक के रूप में उपस्थित डॉ. वर्षा वरवंडकर द्वारा तनाव संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया।

चार दिनों में हेल्पलाइन पर प्राप्त 344 फोन कॉल का निराकरण किया जा चुका है। हेल्पलाइन में स्थापित टोल फ्री नंबर-+91-18002334363 पर आज 136 फोन काल प्राप्त हुए। इसी प्रकार 22 फरवरी को 61, 23 फरवरी को 77 और 24 फरवरी को 70 फोन कॉल प्राप्त हुए, जिनका निराकरण विषय-विशेषज्ञ, मनोचिकित्सक और मंडल के अधिकारियों द्वारा करते हुए परामर्श दिया गया। विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक हेल्पलाइन में मंडल के टोल फ्री नंबर +91-18002334363 पर अपनी समस्याओं का समाधन कर सकते हैं। रविवार और अवकाश को छोड़कर हेल्पलाइन में मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, शैक्षिक अभिप्रेरक विषय-विशेषज्ञ एवं मंडल के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।



हेल्पलाईन में छत्तीसगढ़ राज्य के दूरस्थ अंचलों जैसे- रायपुर, बलौदाबाजार, बिलासपुर, महासमुन्द, सक्ती, रायगढ़, धमतरी, गरियाबन्द, राजनांदगांव, सरगुजा, बलरामपुर, दुर्ग एवं अन्य जिलों से विद्यार्थियों द्वारा सवाल किया कि मॉडल पेपर से कितना प्रतिशत प्रश्न आयेगा? अंग्रेजी में कौन-कौन से निबंध आएंगे, पढ़ाई करते-करते नींद आ जाती है, याद नही रहता है भूल जाता हूं, अकार्बनिक रसायन की तैयारी किस प्रकार करना चाहिए ? केमिस्ट्री में अभिक्रिया को भूल जाता हूॅ, कौन-कौन से इंक वाले पेन का उपयोग कर सकते है। सर बहुत टेंशन हो रहा है, परीक्षा नजदीक आ रही है तो अच्छे नंबर कैसे आएंगे? त्रिकोणमिती का सवाल नहीं बन रहा है, जैसे प्रश्न पूछे गए।

हेल्पलाईन का संचालन उपसचिव जे.के.अग्रवाल, हेल्पलाईन नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार साहू एवं सहायक प्राध्यापक श्रीमती प्रीति शुक्ला, राजेन्द्र दुबे द्वारा विषय संबंधी समस्याओं का समाधान किया। मंगलावार 27 फरवरी को विज्ञान, जीव विज्ञान विषय की विशेषज्ञ डॉ. माधुरी बोरेकर तथा मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक की समस्याओं के निराकरण हेतु हेल्पलाईन में उपस्थित रहेंगी।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### आयुष्मान कार्ड से गयाराम के घुटने का हुआ सफल ऑपरेशन



**रायपुर।** आयुष्मान कार्ड से गंभीर मरीजों को इलाज करवाने में बड़ी सहायता मिल रही है। बेमेतरा जिले के 71 वर्षीय गयाराम साहू का घुटने का सफल आपरेशन हुआ है। उन्होंने बताया कि लम्बे समय से घुटने की दर्द की समस्या से पीड़ित थे। आपरेशन के बाद पीड़ा से निजात मिल गई है। उन्होंने बताया कि पहले कई चिकित्सकों से इलाज करवाए इसके अलावा आयुर्वेद की दवा ली। पर पीड़ा कम होने का नाम नहीं ले रही थी। निजी अस्पताल में 2 से 4 लाख रुपये का खर्च बता रहे थे। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उक्त राशि वहन करने की स्थिति में नहीं थे। गया राम साहू ने बताया कि ज़िला अस्पताल बेमेतरा में डॉक्टरों ने बीमारी के बारे में जानकारी दी और चिकित्सा परीक्षण करने के उपरांत 22 फ़रवरी 2024 को डॉक्टरों की टीम ने घुटने का प्रत्यारोपण किया गया। ऑपरेशन के बाद वाकर के सहारे चहल-कदमी करायी गयी। सियाराम ठीक है। प्रतिदिन व्यायाम और नियमित दवाई लेने की सलाह दी गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत नि:शुल्क सफल ऑपरेशन आर्थो सर्जन डॉ. शिल्प वर्मा ने किया। आयुष्मान कार्ड के तहत आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को 5 लाख रूपए तक मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है।

### राज्यपाल के पूर्व सचिव को दी गई भावभीनी बिदाई

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के पूर्व सचिव अमृत कुमार खलखो को राजभवन में भावभीनी बिदाई दी गई। इस अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि खलखो ने सचिव के रूप में राजभवन के सभी दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करते हुए कार्यो को गंभीरता पूर्वक एवं प्रभावी ढंग से संपादित किया। उनके कार्यकाल में किसी भी फाइल के निराकरण में अनावश्यक देरी नहीं हुई। स्टाफ के साथ भी सहयोगी रहे। हरिचंदन ने उनके भविष्य और बेहतर स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं दी और प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर राज्यपाल के विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव, परिसहाय स्क्वा. लीडर निशांत सिंह, विधि अधिकारी श्रीमती नीरू सिंह, नियंत्रक संजय विश्वकर्मा सहित राजभवन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# राजिम कुंभ कल्प 2024: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से लौटी राजिम कुंभ कल्प की भव्यता

- धर्म नगरी राजिम का मेला स्थल रामोत्सव की थीम पर सजाया गया
- श्री राम के जीवन पर आधारित झांकी का हो रहा प्रदर्शन
- राजिम कुंभ मेला में हजारों लोगों को मिल रहा नि:शुल्क भोजन
- स्थानीय कलाकारों को प्रतिभा प्रदर्शन का मिल रहा मौका





श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 7 जनवरी 2024 को राजिम भक्तिन माता जयंती के अवसर पर कहा था कि राजिम कुंभ की भव्यता पुन: लौटेगी। देश भर से साधु संत इसमें शामिल होने आएंगे। मुख्यमंत्री साय की विशेष पहल से राजिम कुंभ की वैभवता पुन: लौट आई है। संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की निर्देशन में राजिम कुंभ कल्प-2024 इस बार भगवान श्रीराम को समर्पित करते हुए पूरे कुंभ की संरचना श्रीराम की थीम पर आधारित किया गया है। कुंभ मेला परिसर में जगह-जगह भगवान श्रीराम और उनके आराध्य भगवान सदाशिव की प्रतिमाएं रंगोली और कट-आउट जगह-जगह नजर आने से पूरा राजिम राममय नजर आ रहा है।

यहां पर आने वाले स्थानीय लोक मंच के कलाकार सहित राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की गायिकी में भी राम रस बरसता हुआ नजर आ रहा है। भगवान श्री राजीव लोचन जो स्वयं भगवान विष्णु के अवतार है, तो प्रभु श्री राम भी विष्णु के अवतार है और यहां पर श्रीराम की थीम पर आयोजित कुंभ में जगह-जगह विराजे राम को देखकर ऐसा लगता है मानो छत्तीसगढ़ की इस पावन धरा में स्थित लोमश ऋषि आश्रम में पुन: राम पधारे हो और संगम के तट पर राम का राम से मिलन हो रहा है। इस अनुपम छटा का साक्षात्कार जब शाम को लेजर लाइट और साउंड के माध्यम से होता है तब उपस्थित जन समुदाय भक्ति के उस रोमांच से भाव विभूत हो जाता है जिसका वर्णन करना जन-साधारण के लिए असंभव है, इस रोमांच को सिर्फ महसूस किया जा सकता है।

राजिम कुंभ मेला स्थल में प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र और उनके छत्तीसगढ़ वनवास अवधि पर आधारित जीवंत झांकी का प्रदर्शन किया जा रहा है। जोकि मेला में पहुंचने वाले समस्त श्रद्धालुओं को अपनी ओर सहर्ष आकर्षित कर रहा है। लोग धार्मिक सद्भाव और मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शो को अनुभव कर झांकी आनंद उठा रहे हैं। मुख्य मंच पर हो रही प्रसिद्ध राष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुति, 27 फरवरी को गोपा सान्याल की टीम और उर्वसी साहू लोक कलामंच की होगी प्रस्तुति -

मेला में मुख्यमंच पर राष्ट्रीय एवं लोक कलाकारों की प्रस्तुति देखकर दर्शक भी झूमने को मजबूर हो रहे हैं। 24 फरवरी से शुरू हुए राजिम कुंभ के दूसरे दिन रविवार को मुख्यमंच पर छत्तीसगढ़ के फिल्म स्टार राजेश अवस्थी की शानदार प्रस्तुति देखकर दर्शक भी थिरकने लगे। मुख्य मंच पर कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति लोकधारा के संचालक राजेश साहू करडरका कुम्हारी ने गणेश वंदना के साथ शुरूआत की। कुमार पण्डित ने शास्त्रीय गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति अमर श्रीवास की टीम द्वारा छतीसगढ की परंपरा को जीवंत दिखाने का बखूबी प्रयास किया। मंगलवार 27 फरवरी को मुख्यमंच पर गोपा सान्याल की टीम और उर्वसी साहू लोक कलामंच की प्रस्तुति होगी। अन्य कार्यक्रमों में भावना टांक रायपुर द्वारा गायन, रोशन कुमार साहू नंदनी द्वारा हमर छत्तीसढ़ लोकमंच की प्रस्तति होगी।

### राजिम कुंभ मेला में हजारों लोगों को मिल रहा नि:शुल्क भोजन

राजिम कुंभ मेला में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं, मेलार्थी को किसी प्रकार की परेशानिया न हो इसका पूरा ख्याल रखा गया है। राजिम मेला पहुंचने के लिए रायपुर, धमतरी, महासमुंद और गरियाबंद चारों जिलों के विभिन्न क्षेत्रों से बसों की सुविधा उपलब्ध की गई है। वहीं मेला में आए सभी श्रद्धालुओं के मूलभूत सुविधाएं जैसे भोजन, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था रखी गई है।

### लोकमंच के कलाकारों ने दर्शकों की वाहवाही लूटी

मुख्य मंच में क्षेत्र के स्थानीय कलाकारों ने अपनी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी और दर्शकों की वाहवाही लूटी। इसी तारतम्य में शांति साहू और उनके सहयोगी कलाकारों ने भजन गाकर पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया। गायिका ऐश्वर्या साहू द्वारा गाया भजन वीर हनुमाना को श्रोताओ ने काफी पसंद किया।

# 67 लाख 59 हजार राशन कार्डधारियों ने किया नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डो के नवीनीकरण का कार्य जारी है। 26 फरवरी की स्थिति में 67 लाख 59 हजार 591 राशन कार्डधारियों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है।



छुटे हुए राशनकार्डधारी हितग्राहियों का नवीनीकरण का कार्य के लिए तारीख 15 मार्च 2024 तक बढ़ा दी गई है ताकि कोई पात्र हितग्राही नवीनीकरण कार्य वंचित न होने पाए। खाद्य विभाग द्वारा दी गई, ऑनलाइन सुविधा का लोग लाभ उठा रहे हैं और स्वयं अपने मोबाइल से खाद्य विभाग के एप के जरिये राशनकार्डो के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं।सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का अन्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित एवं निशक्तजन एपीएल राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जा रहा है। राशनकार्डधारियों के लिए खाद्य विभाग द्वारा एप तैयार किया गया है। एप के माध्यम से हितग्राही ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। ऐसे हितग्राही जिनके पास एंड्राएड मोबाईल की सुविधा नहीं है या नेटवर्क की समस्या है तो वे हितग्राही उचित मूल्य की दुकान में भी जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। गौरतलब है कि राशनकार्ड नवीनीकरण का कार्य 15 मार्च 2024 तक किया जाएगा।

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

### महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े का शंकर नगर में शासकीय आवास कार्यालय प्रारंभ



**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज राजधानी के शंकर नगर के केनाल लिंक रोड स्थित अपने शासकीय आवास कार्यालय का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। मंत्री राजवाड़े को शंकर नगर में बंगला नं. डी-7 और डी-8 आवंटित हुआ है। इस दौरान उनके परिवारजन और विभागीय अधिकारी, कर्मचारी भी मौजूद थे।

# उल्लास कार्यक्रम साक्षर और असाक्षर को मिलाने का काम करेगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। 'उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' के क्रियान्वयन के लिए जिला अधिकारियों एवं स्रोत व्यक्तियों के तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में संबोधित करते हुए राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (एससीईआरटी) और राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण (एसएलएमए) के संचालक राजेंद्र कुमार कटारा ने कहा कि उल्लास कार्यक्रम साक्षर और असाक्षर को मिलाने का काम करेगा।



एसएलएमए छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन एससीईआरटी रायपुर में किया जा रहा है।

एक पढ़ी-लिखी दुनिया व दूसरी असाक्षरों की दुनिया से आप सभी को उल्लासपूर्वक कार्य करते हुए पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में साक्षरता का उल्लास फैलाना है। यह पूरा कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में संचालित होगा अर्थात ऑनलाईन और ऑफलाईन दोनों ही मोड में उपलब्ध होगा। राज्य में इसके लिए रणनीति तैयार की जा रही है। एससीईआरटी और

श्री कटारा ने कहा कि साक्षरता कार्यक्रम राज्य में पहले भी संचालित रहा है, इसलिए जिलों में जो भी बेस्ट प्रेक्टीसेस है, उनका उपयोग हम उल्लास में करे ताकि उनका लाभ हमारे शिक्षार्थियों को मिल सकें। शिक्षार्थियों के लिए उल्लास प्रवेशिका प्रदेश की परिस्थितियों के अनुरूप बनाया जाना है। छत्तीसगढ़ प्रदेश विविधिताओं से भरा है, यहाँ कला, संस्कृति, बोली, भाषा, लोक गीतों की भरमार है, बेहतर हो कि उल्लास कार्यक्रम में हम इनका उपयोग शिक्षार्थियों को सीखाने में करें। हमारी उल्लास प्रवेशिका आकर्षक और बुनियादी साक्षरता संख्या ज्ञान के अवधारणा को पूर्ण करने वाली हो।

कार्यशाला में अतिरिक्त संचालक एससीईआरटी जे.पी. रथ ने कहा कि साक्षरता का उद्देश्य समानता की ओर लेकर जाना है, असाक्षर लोगों को मुख्यधारा में शामिल करना है। हमें इस कार्यक्रम में मिलकर कार्य करना है तभी सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा असाक्षरों को इतना साक्षर कर दें कि उन्हें अपने अधिकारों व कर्तव्यों के साथ कैसे जीना है यह समझ पाए। इन्हीं अनेक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की शुरुवात छत्तीसगढ़ में की जा रही है।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के असिस्टेंट डायरेक्टर प्रशांत कुमार पाण्डेय ने प्रस्तुत किया एवं पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से छत्तीसगढ़ के परिपेक्ष्य में उल्लास कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

राष्ट्रीय साक्षरता केंद्र प्रकोष्ठ एनसीईआरटी के सलाहकार अमन गुप्ता और जेपीएफ़ सुश्री भावना खेरा द्वारा उल्लास प्रशिक्षण कार्यक्रम का परिचय, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में उल्लास के लक्ष्य, घटक, उद्देश्य एवं दिशा-निर्देश की जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र में जूनियर प्रोजेक्ट फेलो सीएनसीएल, एनसीईआरटी भावना खेरा के द्वारा उल्लास राष्ट्रीय साक्षरता केंद्र प्रकोष्ठ एवं राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा की गई डिजिटल पहल- उल्लास एप्प, सबके लिए शिक्षा वर्टिकल (दीक्षा पोर्टल), एनसीईआरटी ऑफिसियल यू-ट्यूब, सीएनसीएल पेज के बारे विस्तृत जानकारी देकर उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। कार्यक्रम का संचालन एसएलएमए के असिस्टेंट डायरेक्टर प्रशांत कुमार पाण्डेय और आभार प्रदर्शन एससीएल प्रभारी डेकेश्वर प्रसाद वर्मा द्वारा किया गया।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn.
& Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# बचपन को बनाएं सेहत से भरपूर

**बच्चों की जीवनशैली कैसी हो, इसमें अभिभावक व शिक्षकों दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। बच्चों का रोग प्रतिरोधक तंत्र कमजोर होता है, जिसके कारण उनके कई तरह के संक्रमण की चपेट में आने की आशंका बढ़ जाती है। कई बार समस्याएं उम्र बढ़ने के साथ और अधिक परेशान करती हैं।**



## संतुलित और पोषक भोजन

- बच्चों के भोजन में फलों और सब्जियों को शामिल करें। भोजन में एक-तिहाई फल और सब्जियां तथा दो तिहाई अनाज का हिस्सा रखें।
- फास्ट फूड और फैट फूड की बजाय घर का बना खाना खिलाएं।
- खाने में प्रोटीन और फाइबर की मात्रा अधिक और शर्करा की मात्रा कम रखें।
- शरीर में पानी की कमी न होने दें। उन्हें पानी, दूध और ताजे फलों का रस पिलाएं।
- बच्चों की उम्र के अनुपात में भोजन कराएं।

## नींद है जरूरी

गैजेट्स के बढ़ते चलन और पढ़ाई के बढ़ते बोझ ने बच्चों में नींद के चक्र को गड़बड़ा दिया है। बच्चों को देर रात तक टीवी न देखने दें। उनका सोने और उठने का एक समय निर्धारित कर दें। कम सोना बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम करता है। नवजात को 18 घंटे की नींद, दूध पीने वाले बच्चों को 12-13 घंटे की नींद और स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों के लिए 10 घंटे की नींद जरूरी है। उन्हें टीवी, कम्प्यूटर या इलेक्ट्रॉनिक गेम पर दो घंटे से अधिक समय ना बिताने दें।

## तनाव का बोझ हो कम

माता-पिता के लिए बेहद जरूरी है कि वे कुछ क्वालिटी समय केवल बच्चों के लिए निर्धारित करें। अकेलापन, दूसरे बच्चों द्वारा तंग करना, माता-पिता के बीच का तनाव कई बातें हैं, जो बालमन पर बुरा असर डालती हैं।

**डॉ. जसजीत भसीन, बालरोग विशेषज्ञ, बीएलके हॉस्पिटल, नई दिल्ली।**
**डॉ. पीयूष रंजन, सीनियर गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट, सर गंगाराम हॉस्पिटल, नई दिल्ली।**

## बच्चों के लिए जरूरी पोषण

4-8 वर्ष के लड़के: 1400-1600 कैलरी
4-8 साल की लड़कियां: 1200-1400 कैलरी
9-13 वर्ष के लड़के: 1600-1900 कैलरी
9-13 वर्ष की लड़कियां: 1400-1600 कैलरी

## एक्टिव रहना है जरूरी

बच्चों को प्रतिदिन कम से कम एक घंटा खुले स्थान में खेलने दें। खेलना बच्चों के लिए सबसे अच्छी एक्सरसाइज है, जो सेहत के साथ-साथ उनके संपूर्ण व्यक्तित्व पर असर डालती है। जब बच्चे थोड़े बड़े होने लगें तो उन्हें नियमित एक्सरसाइज और योग की आदत डालें। ताड़ासन, पद्मासन और भुजंग आसन जैसे सामान्य योगासन कराएं। बच्चों को ध्यान लगाने की आदत डालें, इससे उन्हें मानसिक शांति मिलेगी और उनका विकास बेहतर तरीके से होगा। शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से रोग प्रतिरोधक तंत्र मजबूत होता है और रोगों की चपेट में आने की आशंका कम हो जाती है।

## पोषक तत्व

- कार्बोहाइड्रेट: अनाज आदि से 33 प्रतिशत
- विटामिन और मिनरल्स: फल और सब्जियों आदि से 33 प्रतिशत
- मांसाहारी/शाकाहारी प्रोटीन: 12 प्रतिशत
- डेयरी प्रोटीन: डेयरी उत्पाद से 15 प्रतिशत
- वसा और शर्करा: वसायुक्त भोजन और मीठी चीजों से 7 प्रतिशत
- पानी 4-8 साल: 5 गिलास 9-13 साल: 5-6 गिलास, 13 से अधिक: 6-8 गिलास

## क्या खिलाएं

***सुबह का नाश्ता:*** साबुत अनाज (अंकुरित मूंग, चना आदि), दूध और एक फल
***दोपहर का खाना:*** दाल, एक कटोरी चावल, उबली हुई सब्जियां, चपाती या स्टफ्ड परांठे
***शाम का नाश्ता:*** मेवे या फल या फलों का जूस
***रात का खाना:*** चपाती के साथ हरी सब्जी या वेजिटेबल पुलाव

## अच्छी सेहत के लिए जरूरी है फाइबर डाइट

शरीर को फिट रखने के लिए खाना पचना बहुत जरूरी होता है। कुछ तरीके हैं जिनके माध्यम से हम अपने भोजन को सरलता से पचा सकते हैं। हालांकि पेट को फिट रखने के लिए जीवनशैली का सही होना भी बहुत जरूरी है। इन उपायों से आप अपने पेट को फिट रख सकते हैं

### केला, अमरूद और पपीता खाएं

डाइट में मौसमी फल और सब्जियों को ज्यादा से ज्यादा लें। कोशिश करें कि ऐसी फल और सब्जियां खाएं जिनमें फाइबर की मात्रा अधिक हो। फैट वाला खाना और मसालेदार खाना खाने से बचें। खानें में लहसुन जरूर खाएं और फलों में केला, अमरूद और पपीता खाएं।

### खूब चबा कर खाएं खाना

पाचन का मतलब होता है कार्बोहाइटड्रेट जैसे स्टार्च और शुगर का पाचन, जो मुंह में स्लाइवा और एंजाइम के जरिए होता है। ये एंजाइम खाने को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ते हैं इसलिए भोजन को हमेशा चबा-चबाकर खाना चाहिए।

### धूम्रपान न करें

रोज सुबह उठकर एक गिलास गुनगुना पानी पीना चाहिए। धूम्रपान न करें इससे पाचन तंत्र पर असर पड़ता है।



# महारानी 3 में मेरा किरदार शांत लेकिन चुनौतीपूर्ण है : अनुजा साठे



एक्ट्रेस अनुजा साठे स्ट्रीमिंग राजनीतिक ड्रामा शो महारानी के अपकमिंग तीसरे सीजन की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। एक्ट्रेस ने शेयर किया है कि शो में कीर्ति सिंह का उनका किरदार चुनौतीपूर्ण है।

एक्ट्रेस ने कहा कि शुरुआत में उनके लिए बिहारी लहजा बोलना थोड़ा मुश्किल था, लेकिन उनके डायलेक्ट कोच ने उन्हें भाषा की बारीकियों और उच्चारण में मदद की।

इस पर विस्तार से बताते हुए, अनुजा ने कहा, कीर्ति का किरदार शांत लेकिन संतुलित व्यक्ति के जैसा है, जबकि मैं व्यक्तिगत रूप से एक ऐसी व्यक्ति हूं जो सीधी-सादी है और अपने मन की बात खुलकर कहना पसंद करती है। यह काफी विरोधाभासी किरदार रहा है, मुझे खुशी है कि मैंने इस चुनौती को चुना। सुभाष सर के मार्गदर्शन से, मैं कीर्ति के किरदार को जीवंत बनाने में कामयाब रही। हालांकि, मैं अपने डायलेक्ट कोच को भी श्रेय देना चाहूंगी, जिन्होंने मुझे बिहारी लहजा सीखने में मदद की, जो शुरू में मेरे लिए थोड़ा मुश्किल था।

एक्ट्रेस ने आगे कहा, कीर्ति की यात्रा के बारे में दिलचस्प बात यह है कि वह अच्छे और बुरे के बीच की रेखा को कैसे पार करती है। न तो वह नायक है और न ही खलनायक, वह दोनों का मिश्रण है, जो उसके किरदार को और भी ज्यादा आकर्षक बनाता है। कीर्ति की कहानी को जीवंत करना चुनौतीपूर्ण और फायदेमंद दोनों रहा है, और मैं हमारी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।

महारानी नरेन कुमार और डिंपल खरबंदा द्वारा निर्मित, सुभाष कपूर द्वारा रचित और सौरभ भावे द्वारा निर्देशित है।

सीरीज में हुमा कुरेशी मुख्य भूमिका में हैं, अमित सियाल, विनीत कुमार, प्रमोद पाठक, कानी कुसरुति, अनुजा साठे, सुशील पांडे, दिब्येंदु भट्टाचार्य और सोहम शाह भी लीड रोल में हैं।

महारानी 3 7 मार्च से सोनी लिव पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध होगी।

# आप भी हिलाते हैं पैर? हो सकता है हार्ट अटैक

**अगर आपको बैठे या लेटे हुए पैर हिलाने की आदत है तो सचेत हो जाएं। ये रेस्टलेस सिंड्रोम के लक्षण हो सकते हैं। इसका कारण आयरन की कमी होना है। यह समस्या 10 फीसदी लोगों को होती है। ज्यादातर 35 साल से ज्यादा उम्र के व्यक्तियों को होती है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल, बोस्टन के प्रफेसर और इस शोध के प्रमुख डॉ. डब्ल्यू विंकमैन का कहना है कि इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति औसतन नींद न आने से पहले 200-300 बार अपने पैर हिलाता है। शोधकर्ताओं का यह स्पष्ट कहना है कि लगातार पैर हिलाने जैसी बीमारी से दिल का दौरा पड़ने की संभावना बढ़ जाती है**



## यह है रेस्टलेस सिंड्रोम

यह नर्वस सिस्टम से जुड़ा रोग है। पैर हिलाने पर व्यक्ति में डोपामाइन हार्मोन स्त्रावित होने के कारण उसे ऐसा बार-बार करने का मन करता है। इसे स्लीप डिसऑर्डर भी कहते हैं। नींद पूरी न होने पर वह थका हुआ महसूस करता है। जांच लक्षणों के आधार पर ब्लड टेस्ट किया जाता है। नींद न आने की दिक्कत बढ़ने पर पॉलीसोमनोग्राफी (पीएसजी) भी करवाकर इसकी पुष्टि की जाती है। इस जांच से नींद न आने के कारणों को जाना जाता है।

## कारण

यह रोग आयरन की कमी के कारण होता है। इसके अलावा किडनी, पार्किंसंस से पीड़ित मरीजों व गर्भवतियों में डिलिवरी के अंतिम दिनों में हार्मोनल बदलाव भी कारण हो सकते हैं। ज्यादा शराब पीने व कुछ खास दवाओं (जुकाम व एलर्जी) से भी होने का खतरा रहता है। शुगर, बीपी व हृदय रोगियों में इसका खतरा बढ़ता है।

## इलाज

इलाज के तौर पर आयरन की दवाएं दी जाती हैं। बीमारी गंभीर होने पर अन्य दवाएं दी जाती हैं जो सोने से दो घंटे पहले लेनी होती हैं। ये अनिद्रा दूर कर स्थिति सामान्य करती हैं। कुछ खास व्यायाम जैसे हॉट ऐंड कोल्ड बाथ, वाइब्रेटिंग पैड पर पैर रखने से भी राहत मिलती है।

## लक्षण

पैरों में झंझनाहट व चीटियां चलने जैसा महसूस होना। दिन में बैठने व कुछ लोगों में रात में सोते समय भी पैर हिलाना, पैर दबवाने की इच्छा करना और थकावट आदि।

## इन आदतों को आज ही बदल दीजिए...

- रात में सोने के पहले या बिस्तर पर लेटे-लेटे पैर हिलाना ठीक नहीं है। पैर हिलाने वाले व्यक्ति के बारे में कहा जाता है कि यह अपने आप से ज्यादा अपने परिवारीजनों के बारे में ज्यादा सोचते हैं। ऐसा करने से व्यक्ति के नकारात्मक विचारों को ऊर्जा मिलती है, जो सकारात्मक सोच पर हावी हो जाती है। ऐसे व्यक्ति अपने काम में निराश रहता है।
- जो व्यक्ति ज्यादा चिंता में रहता है,उसे इस पैर हिलाने की आदत हो जाती है। ज्यादातर लोग जिन्हें घर-परिवार की अधिक चिंता सताती है, वे सोते समय पैर हिलाते देखे जा सकते हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005



चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना अंतर्गत बच्चों का बनाया गया आयुष्मान कार्ड

**सूरजपुर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना का मकसद, कोविड महामारी में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों की व्यापक देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करना है, इस योजना के जरिये बच्चों को स्वास्थ्य बीमा के जरियें बेहतर जीवन दिया जा रहा है, साथ ही उन्हें शिक्षा के जरियें सशक्त बनाया जा रहा है। 23 साल की उम्र तक पहुंचने पर वित्तीय सहायता के जरिये बच्चों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत सूरजपुर जिले के प्रभावित बच्चों का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवर का प्रावधान शामिल है, जिसमें आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई योजना के तहत जिले में 5 ऐसे बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया, जिनके माता-पिता कोरोना महामारी के दौरान मृत्यु हो गई। उन समस्त बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज की सुविधा दिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत के द्वारा इन बच्चों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह 2 मार्च को राजिम में

**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की कन्या के विवाह के लिए 25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का संचालन छत्तीसगढ़ के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जाता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के अशोक पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन 02 मार्च को राजीव लोचन मंदिर परिसर राजिम में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभी तक 150 जोड़ो का पंजीयन किया गया है। इस योजना से गरीब परिवारों को कन्या के विवाह में होने वाली आर्थिक कठिनाईयों का निवारण, विवाह के अवसर पर होने वाले फिजूलखर्ची को रोकना एवं सादगीपूर्ण विवाहों को बढ़ावा देने, सामूहिक विवाहों के आयोजन के माध्यम से मनोबल/आत्मसम्मान में वृद्धि एवं उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार, सामूहिक विवाहों का प्रोत्साहन तथा विवाहों में दहेज के लेन-देन की रोकथाम करना है। इसके लिए गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवार/मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना अन्तर्गत कार्डधारी परिवार की 18 वर्ष से अधिक आयु की अधिकतम दो कन्याओं को लाभ दिलाया जाना है।

### राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**सुकमा।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत जिले के सेकेण्डरी स्तर के स्कूली छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों का तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण को कलेक्टर हरिस. एस ने 22 फरवरी को हरी झण्डी दिखाकर राजधानी रायपुर के लिए रवानगी की। इस दौरान नितिन दंडसेना जिला शिक्षा अधिकारी, एस एस चौहान जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा उपस्थित थे। शिक्षा विभाग द्वारा गणित एंव विज्ञान क्लब के विज्ञान में विशेष रूची रखने वाले नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चों का चयन कर सेकण्डी स्तर के इस भ्रमण में जिले के स्कूली छात्र/छात्रा को छत्तीसगढ़ सांइस सेन्टर,ऊर्जा पार्क, विज्ञान भवन,नया रायपुर,मंत्रालय, विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, इन्टरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, दर्शनीय स्थलों का एक्सपोजर विजिट कराया गया।

# 19 वें छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक सम्मेलन में भारत की प्रगति यात्रा में विज्ञान की भूमिका पर हुई चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर और छत्तीसगढ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रेक्षागृह में आयोजित दो दिवसीय 19 वें छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक सम्मेलन का आज शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय यह सम्मेलन 26 एवं 27 फरवरी तक आयोजित होगा।**




निदेशक राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर प्रोफेसर एन. वी.रमणा राव ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक ऐसा राज्य है जो अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर के साथ-साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी तरक्की कर रहा है। आज हम सब विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवाचार की चर्चा करेंगे।

नई विचारधारा और अनुसंधान को बढ़ावा देंगे और आगे के विषय में कदम बढ़ाएंगे। छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक सम्मेलन के माध्यम से हमारी युवा पीढ़ी विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र मी आगे बढ़ेगी। आज हम इस समारोह को विकसित भारत 2047 के सन्दर्भ में भी देखते हैं, जो हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण दिशा निर्देश है। 2047 की दिशा में हम ऐसे भारत की दिशा में काम कर रहे हैं जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी हो, जो नवाचारों के साथ साथ सामाजिक और आर्थिक उत्थान को प्राप्त करेगा। छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक सम्मेलन इस उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है।

छत्तीसगढ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के महानिदेशक एस.एस. बजाज ने कहा कि यह कार्यक्रम युवा वैज्ञानिकों का कार्यक्रम है। यह युवा वैज्ञानिकों के लिए एक अच्छा प्लेटफॉर्म है। रिसर्च के साथ यह भी बहुत जरूरी है कि आप जो भी प्रोडक्ट बनाते हैं जो नवाचार आप करते हैं उसका आप पेटेंट जरूर बनाए। यह जमाना प्रतिस्पर्धा का है जो नई चीज आपने ईजाद की है उसे आप पेटेंट नहीं कराते हैं और इसका पेटेंट को दूसरा करा ले तो इसका लाभ जो आपकी संस्था को मिल सकता था वह किसी और को मिल जाएगा। इस दिशा में हमारी संस्था आपकी मदद करती है। यह पेटेंट का कार्य संस्था द्वारा निःशुल्क कराया जाता है। 28 फरवरी का दिन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

विशेष अतिथि एवं वी.वाय. हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना ने कहा कि आप सभी भारत की प्रगति यात्रा में सहयोग कर रहे हैं। मानव की उत्सुकता और जरूरतों के कारण ही नई चीज बनती रहती है। आज हम नवाचार की बात कर रहे, विकसित भारत की बात कर रहे। ये सब अचानक नहीं हो रहा, ये सब डेमोग्राफिक चेंजेज के कारण हो रहा है। जो चुनौतियां आ रही हैं। उसके बारे में हमे जागरूक रहना होगा, इन सभी चुनौतियों का मुकाबला वैज्ञानिक बखूबी कर सकते हैं। कार्यक्रम को वाइस चांसलर एवं निदेशक आईआईआईटी, रायपुर डॉ प्रदीप कुमार सिन्हा ने भी सम्बोधित किया।

## छत्तीसगढ के स्टार राजेश अवस्थी के गीतों पर झूमे दर्शक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजिम।** रामोत्सव के थीम पर आधारित राजिम कुंभ कल्प मेला में मुख्य मंच पर लोक कलाकारों की प्रस्तुति देखकर दर्शक भी झूमने को मजबूर हो रहे हैं। 24 फरवरी से प्रारंभ हुए गरियाबंद जिले के राजिम की पावन धरती में राजिम कुंभ के दूसरे दिन मुख्यमंच पर छत्तीसगढ़ के फिल्म स्टॉर राजेश अवस्थी की शानदार प्रस्तुति देखकर दर्शक भी नाचने थिरकने लगे।

मुख्य मंच पर कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति लोकधारा के संचालक राजेश साहू करडरका कुम्हारी ने गणेश वंदना के साथ शुरूआत की। लोगों के मन में बसे भक्ति गीत राम आयेंगे आयेंगे,, ने सभी दर्शको का दिल जीत लिया। कलाकारों ने नृत्य गायक के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन की जमकर तारीफ की और मोदी की गारंटी का बखान किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कुमार पण्डित ने शास्त्रीय गीतों की प्रस्तुति दी। इसके बाद छत्तीसगढ़ी फिल्म के सुपर स्टार राजेश अवस्थी और उनके कलाकारों ने हिंदी भजन के साथ छत्तीसगढ़ी गीतों पर दर्शकों को जमकर नचाया। मंगल भवन अमंगल हारी... मया होगे रे मया होगे न... सहित कई लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए जिसे देख-सुनकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए.. कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति अमर श्रीवास की टीम द्वारा छत्तीसगढ़ की परंपरा को जीवंत दिखाने का बखूबी प्रयास किया। कलाकारो का सम्मान नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर, केन्द्रीय समिति के विशिष्ट सदस्य लीलाराम साहू, रमेश चौधरी, छाया राही, पुष्पा गोस्वामी, पूर्णिमा चन्द्राकार ने पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन निरंजन साहू ने किया। मुख्यमंच में बुधवार को गोपा सान्याल की टीम और उर्वसी साहू लोक कलामंच की होगी रंगारंग प्रस्तुति राजिम कुंभ कल्प में विभिन्न स्थानों से आए कलाकार अपनी प्रतिभा को नृत्य गायन एवं संगीत के माध्यम से प्रदर्षित कर रहे हैं। मंच के माध्यम से छत्तीसढ़ की कला एवं संस्कृति दूर-दूर तक फैल रही हैं।

## सेजेस कोड़ातराई में जनप्रतिनिधियों और बच्चों ने खाया न्यौता भोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायगढ़।** शासकीय स्कूल के बच्चों में अतिरिक्त पोषण विकास के लिए प्रधानमंत्री पोषण शक्ति विकास योजना के तहत न्यौता भोजन का अयोजान शासकीय शालाओ में आयोजित करने के निर्देश दिये गये है, जिसमें जनसमुदाय से कोई भी व्यक्ति, समाज सेवी, समुदाय के लोग मध्यान्ह भोजन के साथ अतिरिक्त पोषण आहार स्कूल परिसर में खिला सकता है। न्यौता भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत आज सेजेस कोंडातराई में जगदम्बा स्व-सहायता समूह कोंडातराई एवं प्रधान पाठक राजेन्द्र कुमार महंत के सौजन्य से स्कूल के बच्चों को न्यौता भोजन कराया गया।

ज्ञात हो कि न्यौता भोजन के तहत विभिन्न त्योहारों और अवसरों जैसे जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ, शादी, कोई धार्मिक आयोजन और अन्य राष्ट्रीय पर्व पर इसका आयोजन स्कूलों में किया जा सकता है और बच्चों को पौष्टिक स्वादिष्ट भोजन मध्यान्ह भोजन के साथ देकर खिलाया जा सकता है। इसके लिए सभी शासकीय शालाओं के प्राचार्यो और प्रधान पाठकों से संपर्क किया जा सकेगा। न्यौता भोजन का आयोजन सिर्फ स्कूल परिसर में ही आयोजित किया जा सकेगा। इस योजना के तहत समुदाय के लोग शालाओं में किचन के बर्तन भी प्रदान कर सकते है। न्यौता भोजन में मध्यान्ह भोजन के साथ-साथ स्थानीय खान-पान के अनुसार पौष्टिक भोजन जैसे फल, दूध, मिठाई, बिस्कुट, हलवा, चिक्की, अंकुरित अनाज, पूरी, खीर और विशेष कर हमारे छत्तीसगढ़ के मिलेट्स को सम्मिलित किया जा सकता है। न्यौता भोजन में किसी भी स्थिति में फास्ट फूड जैसे चाउमीन, मैगी, पास्ता, नूडल जैसे खाद्य पदार्थो का समावेश नही किया जावेगा।

आज के कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र चौधरी, एपीसी आलोक स्वर्णकार, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दिनेश पटेल की उपस्थिति में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कोड़ातराई के 500 बच्चों को मध्यान्ह भोजन के चावल, दाल, सब्जी के साथ-साथ अतिरिक्त पूरक पोषण आहार बड़ा, रसगुल्ला, फल वितरित किया गया, जिसे बच्चे ग्रहण कर प्रफुल्लित नजर आये। न्यौता भोजन कार्यक्रम के अवसर पर गोपी चौधरी जनपद उपाध्यक्ष, पद्मलता चौहान सरपंच, रामेश्वरी साव उपसरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि रामपुकार सिंह, संजय सिंह, रोहित कुमार साव, देव कुमार चौधरी, जगदीश चौधरी, जगदम्बा स्व-सहायता समूह के सभी सदस्य, प्राचार्य मोहन लाल गुप्ता एवं समस्त स्टाफ सेजेस कोंडातराई स्कूल उपस्थित रहे।

## युवा उत्सव तथा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में युवा उत्सव तथा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन 23 फरवरी 2024 को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकुमार मिश्र ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिशंकर त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता तथा समाज सेवी विशिष्ट अतिथियों में तपन बनर्जी, ऑल इंडिया रेडियो के सेवानिवृत वरिष्ठ अधिकारी, वेद प्रकाश अग्रवाल, वरिष्ठ साहित्यकार तथा समाजसेवी, उदय शंकर मिश्र, सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक डाइट, डॉ. आनंद कौशिक, सहायक प्राध्यापक, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतनपुर, महेंद्र सिंह, भूतपूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कृति की देवी मां शारदा तथा छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुआ। इसी दौरान छात्राओं रंभा राजवाड़े, हुलसी गुप्ता तथा अंशा राजवाड़े ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों के पुष्पगुच्छ से स्वागत के पश्चात छात्राओं पलक गिरि, रोहिणी मिंज, जीनत गौसिया, जैतून निशा इत्यादि छात्राओं ने छत्तीसगढ़ राजगीत 'अरपा पैरी के धार' के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एकल नृत्य प्रतियोगिता में आठ प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें प्रथम स्थान भावना विश्वास ने तथा दूसरा स्थान अंशा ने प्राप्त किया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में रंभा राजवाड़े, शीतल, निशु सिंह, इशिका कुशवाहा, स्वाति मिंज, अंशा, एनिमा सिंह, मीना, अंजलि मिस्त्री, रानी मंडल, राधिका, सोनू सिंह तथा इनके समूहों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों तथा अतिथियों का मन मोह लिया। समूह नृत्य की विजेता स्वाति मिंज, मुस्कान खलखो, तीजो सिंह तथा अंजलि कुजूर का समूह रहा। आकाशदीप तथा उनके साथियों ने मतदाता जागरूकता पर आधारित एक मनमोहक तथा मनोरंजन नाटक प्रस्तुत किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

कार्यालय अधीक्षक जिला जेल संजारी बालोद जिला-बालोद छ.ग.

(प्रथम वार्षिक /अर्धवार्षिक निविदा सूचना)

वार्षिक निविदा वर्ष 2024-2025

पत्र क्रमांक 400 / निर्वाह/2024 बालोद /दिनांक - 24.02.2024

जिला जेल संजारी बालोद में परिरूध्द बंदियों हेतु खाद्यान / सब्जियां एवं अन्य आवश्यक सामाग्रियां क्रय करने के लिए वर्ष 2024-25 हेतु सील बंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर प्रमाण पत्र सहित) रूपये 3000/- (तीन हजार रूपये मात्र ) नगद भुगतान कर दिनांक 23.03.2024 तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है एवं जेल मुख्यालय नवा रायपुर अटल नगर के वेबसाईट jail.cg.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है। बशर्ते ऑनलाईन डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र जमा करने के पूर्व आवेदन शुल्क कार्यालय में जमा करना होगा।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि | - | **23.03.2024 समय अपरान्ह 01:00 बजे तक** |
| निविदा जमा करने की तिथि | - | **27.03.2024 समय दोपहर 12:00 बजे तक** |
| निविदा खोलने की तिथि | - | **27.03.2024 समय अपरान्ह 04:00 बजे** |
| स्थान | - | जिला जेल संजारी बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.) |

जेल अधीक्षक
जिला जेल संजारी बालोद
जिला-बालोद छ.ग.

जी-08096/3

# एनआईटी रायपुर, छत्तीसगढ़ विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त रूप से 2 दिवसीय 19वें छग यंग साइंटिस्ट कांग्रेस का हुआ शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर और छत्तीसगढ़ विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (सीसीओएसटी) ने संयुक्त रूप से दिनांक 26 फरवरी को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में दो दिवसीय 19वें छत्तीसगढ़ यंग साइंटिस्ट कांग्रेस (सीवायएससी) के आयोजन का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में ट्रिपलआईटी नया रायपुर के डायरेक्टर डॉ पी के सिन्हा और विशिष्ठ अतिथि के रूप में वीवाय अस्पताल के ऑर्थोपेडिक सर्जन और डायरेक्टर डॉ पूर्णेंदु सक्सेना रहे। यह कार्यक्रम एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ एन. वी. रमना राव और सीसीओएसटी के डायरेक्टर जनरल एस. एस. बजाज की अध्यक्षता में आयोजित हो रहा है। एनआईटी रायपुर के सीएसई विभाग के डॉ दिलीप सिंह सिसोदिया, आईटी विभाग के डॉ राकेश त्रिपाठी और सीसीओएसटी की डॉ जॉयस के. राय इस कार्यक्रम की संयोजक है 7

प्रदेश की युवा प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ यंग साइंटिस्ट कांग्रेस का आयोजन किया जाता है। इसका आयोजन प्रतिवर्ष इंडियन फिजिसिस्ट चन्द्रशेखर वेंकट रमन द्वारा 28 फरवरी को 'रमन इफेक्ट' की खोज को चिह्नित करने के लिए आयोजित किया जाता है जिसका उद्देश्य उभरते उत्साही युवा शोधकर्ताओं को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित कर एक उपयुक्त मंच प्रदान करना है।

वर्ष 2024 के अवार्ड के लिए विभिन्न क्षेत्रों पर रिसर्च पेपर्स आमंत्रित किए गए थे जिसमें एग्रीकल्चर साइंसेज, एग्रीकल्चरल इंजिनियरिंग/ टेक्नोलॉजी, बायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमैटिक्स एंड बायोमेडिकल साइंसेज, कैमिकल साइंसेज, अर्थ एंड एटमॉस्फेरिक साइंसेज, कंप्यूटर साइंसेज, इलेक्ट्रोनिक्स, आईटी, इंस्ट्रूमेंटेशन, सिविल एंड आर्किटेक्चर इंजिनियरिंग, इलेक्ट्रीकल इंजिनियरिंग, इलेक्ट्रोनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, मेकेट्रोनिकस, प्रोडक्शन इंजीनियरिंग, एनवायरनमेंटल साइंसेज, लाइफ साइंसेज, मैथमेटिकल एंड स्टेटिस्टिकल साइंस, वैदिक मैथमेटिक्स, फार्मास्यूटिकल साइंस, फिजिक्स, एनिमल हसबेंडरी, डेयरी टेक्नोलॉजी, माइनिंग, मेटलर्जी और अप्लाइड जियोलॉजी प्रमुख हैं।

कार्यकर्म की शुरुआत वंदे मातरम और सरस्वती वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम में अपने वक्तव्य में डॉ राव ने सभी शोधार्थियों को बधाई देने के साथ साथ उनके विचारों को समर्थन दिया। साथ ही देश में विज्ञान के नए आयामों की कामयाबी में यंग साइंटिस्टों का हाथ बताया। उन्होंने हाल ही में देश की विज्ञान में हुई जबरदस्त तरक्की का उल्लेख करते हुए कोविड 19 में भारत का वैक्सीनेशन, चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग और जलवायु लक्ष्य के पूरे होने का उदाहरण दिया।

डॉ एस एस बजाज ने इस प्रतिस्पर्धी दुनिया में नए नवाचार का पेटेंट कराने का आग्रह किया, साथ ही राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का उल्लेख करते हुए 10 से 17 साल के बच्चों के बीच साइंटिफिक टेंप्रामेंट को विकसित करने के हो रहे प्रयासों की भी चर्चा की। डॉ सिन्हा ने विकसित भारत 2047 का विजन देने के लिए भारत सरकार का धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि हम इस लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में प्राप्त कर लेंगे। डॉ सक्सेना ने प्रौद्योगिकी और डेमोग्राफिक चेंज का विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया और सभी यंग साइंटिस्टों को बधाई दी।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### कबीरधाम में डबल मर्डर: बॉयफ्रेंड ने की प्रेमिका और उसकी मां की हत्या, आरोपी रायपुर से गिरफ्तार

**कबीरधाम।** जिले में हुए डबल मर्डर मामले का सोमवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बॉयफ्रेंड ने ही प्रेमिका और उसकी मां की हत्या की है। पुलिस ने आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार किया है। वसुंधरा वैष्णव और बॉयफ्रेंड के बीच चौथी शादी होने वाली थी। इसी विवाह को लेकर वसुंधरा वैष्णव और आरोपी बॉयफ्रेंड के बीच 22 फरवरी को विवाद हुआ था। यह वारदात कवर्धा शहर के एसपी कार्यालय के सामने के घर में हुई। मृतक का नाम पार्वती वैष्णव (58) व उसकी बेटी वसुंधरा वैष्णव (35) है।

एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि कवर्धा निवासी वसुंधरा वैष्णव (पिंकी) व आरोपी अश्वनी कुमार पांडे पिता शिव शंकर पांडे उम्र 40 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर-12 कीर्ति नगर, सिरगिट्टी बिलासपुर के साथ चौथी शादी होने वाली थी। इसे लेकर दोनों के मध्य बीते साल दिसंबर माह में एक समझौता भी हुआ था। इस समझौते को लेकर 22 फरवरी को दोनों के बीच घर पर विवाद हुआ। इसी दौरान आरोपी ने हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने दोनों के मोबाइल फोन व स्कूटी लेकर घर को बाहर से बंद कर रायपुर फरार हो गया था।

पुलिस के अनुसार वसुंधरा वैष्णव (पिंकी) की पूर्व में तीन शादी हो चुकी हैं। लेकिन, शादी के बाद उसका तलाक हो गया था। अब चौथी शादी करने वाली थी। इसी प्रकार आरोपी अश्वनी कुमार पांडे की शादी के बाद उसकी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। इन दोनों के बीच सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क हुआ था। वारदात के दिन 22 फरवरी को पिंकी व आरोपी अश्वनी एक साथ कवर्धा के एक ब्यूटी पार्लर भी गए थे। वहां से ही पिंकी दुल्हन की वेशभूषा में सजकर घर पहुंच गई थी। शव की बदबू न फैले इसके लिए आरोपी ने आसपास फिनाइल की गोली का छिड़काव किया था। 25 फरवरी तक शव सड़ने लगा था। इस कारण बदबू फैल गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को घर से बदबू आने की जानकारी दी। तब मामला सामने आया।

### खुर्सीपार शुभम हत्याकांड के आरोपी की केंद्रीय जेल में मौत

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग में खुर्सीपार में हुए शुभम हत्याकांड के मुख्य आरोपी सेवक राम निषाद की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि सेवक की मौत हार्ट अटैक से हुई है। शव का जज के समक्ष पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया है। वहीं इसकी न्यायिक जांच जारी है।

जानकारी के मुताबिक 8 मार्च 2023 को खुर्सीपार में शुभम राजपूत नाम के युवक की हत्या के आरोप में सेवक राम निषाद जेल में बंद था। उसे कान के टीबी की शिकायत थी, जिसका उपचार भी जेल अस्पताल में ही चल रहा था। 21 फरवरी की सुबह करीब 8.30 बजे जब वह अपने बैरक के पास घूम रहा था, तभी अचानक उसके सीने में दर्द उठा और वह गिर पड़ा। वहां मौजूद लोगों ने उसे जेल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना जेल प्रशासन ने तत्काल पुलिस और जेल के वरिष्ठ अधिकारियों को दी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक से मौत की बात कही जा रही है।

बता दें कि 8 मार्च 2023 को खुर्सीपार में सभी होली खेल रहे थे। सेवक चिकन लेने जा रहा था, तभी वहां शुभम राजपूत पहुंचकर उससे रुपए छीनने लगा तो आरोपी सेवक ने उससे धारदार हथियार छीनकर शुभम की हत्या कर दी। उक्त हत्याकांड में पुलिस ने आरोपी सेवकराम को गिरफ्तार किया था। घटना के 9 महीने बाद अचानक से तपन सरकार को इस हत्याकांड से जोड़ा गया था।

# संपत्ति के लालच में हैवान बना सगा भाई, रेप के बाद बदनामी से बचने कर दी बड़ी बहन की हत्या

## जशपुर पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी, नग्न अवस्था में मिला था महिला का शव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में रिश्तों को तारतार करने वाला मामला सामने आया है। संपत्ति के लालच में एक भाई इतना वहसी हो गया कि उसने अपनी बड़ी बहन की हत्या कर दी। हत्या करने से पहले उसने अपनी बड़ी बहन का रेप भी किया। हत्या के बाद शव को नग्न हालत में छोड़कर फरार हो गया। पुलिस को जब महिला का नग्न शव मिला तो इसकी जांच शुरू की गई। शव की शिनाख्ती के बाद पुलिस ने जल्द ही आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को जशपुर एसपी शशिमोहन सिंह ने इस पूरे मामले का खुलासा किया।**



बता दें चौकी कोतबा क्षेत्र में 22 फरवरी की सुबह अज्ञात महिला का शव नग्न हालत में खेत में पड़ा मिला था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शिनाख्ती में जुट गई। मृतका के भाई ने शव की शिनाख्त अपनी बड़ी बहन के रूप में की। उसने बताया कि 20 फरवरी की शाम को इसके घर आई थी दूसरे दिन 21 फरवरी को 2024 को अपने चाची के साथ पास के गांव में उधारी का पैसा लेने गई। शाम को वापस आने के बाद रात को बिना बताये कहीं चली गई। सूचना के आधार पर मर्ग कायम किया गया। शार्ट पीएम रिपोर्ट में गला दबाने से मौत होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

जशपुर एसपी शशि मोहन सिंह ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित की। जांच के दौरान पता चला कि मृतका के घर में संपत्ति को लेकर कुछ विवाद है। पुलिस को मृतका के भाई पर शक हुआ। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि मृतका 20 फरवरी की शाम को अपने मायके आई। दूसरे दिन अपनी चाची के साथ उधारी का पैसा लेने गई और शाम 4 लौटी। रात को मां ने मुर्गा लाने के लिए रुपए दिए। बेटा मुर्गा ले आया और रात को गांव का ही एक व्यक्ति पहुंच और घर पर महुआ शराब की महफिल सजी। गांव व्यक्ति खाना खाकर चला गया।

### घर पर संपत्ति को लेकर हुआ विवाद

खाना खाने के बाद मृतिका, भाई, मां तीनों बातचीत कर रहे थे। इस बीच मां ने बेटी को कहा कि वह भी उसकी संपत्ति की हकदार है। यह बोलने पर मृतिका ने अपने भाई से कहा कि मां ठीक ही तो बोल रही है मैं भी तो आधी सम्पति की हकदार हूं। यह सुनने के बाद भाई को गुस्सा आ गया और इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। इसके बाद मृतका अपनी मां के साथ सो गई और बेटा अपने कमरे में गया। इस दौरान रात को मृतका लघुशंका के लिए बाहर निकली तो उसी समय उसका भाई भी निकला। शराब के नशे में उसने अपनी बड़ी बहन से जबरन संबंध बनाया।

### मां को बताने की धमकी दी तो कर दी हत्या

दुष्कर्म के बाद बड़ी बहन ने भाई को कहा कि यह उसने ठीक नहीं किया यह बात वह अपनी मां को बताएगी। इसके बाद वह फिर अपनी मां के पास जाकर सो गई। यहां से उसके भाई ने सोचना शुरू कर दिया कि वह अगर मां को यह सब बताएगी तो बहुत बदनामी होगी। इसके बाद उसने पैतृक जमीन का हिस्सा न देना पड़े और बलात्कार के बात को छिपाने के लिए गमछा (साफी) का उपयोग करते हुए मृतिका के गला को कस कर हत्या कर दी। इस बीच उसकी मां उठ गई तो उसने उसे भी डराकर शांत कर दिया।

### हत्या के बाद लगाया लाश को ठिकाने

इसके बाद अपनी बड़ी बहन की लाश को उठाकर ले गया और गांव के खेत के किनारे लिटा दिया। यहां उसने शव को नग्न कर दिया और दांतों से निशान बनाकर चल दिया। पूरी कहानी सामने आने के बाद पुलिस ने धारा 302 के साथ 376, 201 को भी जोड़ा और आरोपी भाई को जेल भेज दिया पूरी कार्रवाई में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पत्थलगांव हरीश पाटिल के नेतृत्व में चौकी प्रभारी नारायण साहू, प्रधन आरक्षक अनंत मिरास किस्पोट्टा, मोहन बंजारे, आरक्षक बुटा सिंह, मुकेश पाण्डेय, तुलसी रात्रे का विशेष योगदान रहा है। घटना का खुलासा करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को नगद इनाम भी दिया गया।

# बीजापुर पुलिस ने चार मिलीशिया सदस्यों को किया गिरफ्तार, टिफिन बम समेत अन्य विस्फोटक बरामद

**बीजापुर।** कुटरू थाना व डीआरजी की टीम ने चार मिलीशिया सदस्यों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। नक्सलियों ने कत्तुर मुर्गा बाजार से पहले रास्ते पर पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में नक्सल सामग्री व बम बरामद किया गया है।



पुलिस के मुताबिक सोमवार को कुटरू थाना से जिलाबल व डीआरजी की संयुक्त टीम रानीबोदली, कत्तुर, मुकरम व ताड़मेर की ओर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। सर्चिंग के दौरान कत्तुर मुर्गा बाजार से पहले रास्ते पर कुछ संदिग्ध दिखे, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास रहे थे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चार लोगों को पकड़ा, जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम मिलिशिया सदस्य सुदरू माड़वी निवासी ग्राम कत्तुर, मिलिशिया सदस्य रामू बेडजा निवासी ग्राम मुकरम, मिलिशिया सदस्य बुधराम ताती निवासी ग्राम मुकरम और मिलिशिया सदस्य सुखराम कलमु पुत्र लखमू कलमु ग्राम पोनड़वाया थाना कुटरू का होना बताया।

इसके पास रखे थैले की तलाशी पर एक टिफिन बम, एक पैकेट पेंसिल सेल, कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, इलेक्ट्रिक वायर और पटाखे बरामद किए गए हैं। पूछताछ में पकड़े गए संदिग्धों ने बताया कि पुलिस को नुकसान पहुंचाने की नीयत से पगडंडी रास्ते में आईईडी प्लांट करने की योजना थी। पकड़े गए मिलिशिया सदस्यों को वैधानिक कार्रवाई के बाद रिमांड पर न्ययालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

# घर में घुसकर 20 साल के युवक ने 70 साल की महिला को बनाया हवस का शिकार

■ **पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार**

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** पेंड्रा थाना क्षेत्र में एक बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां एक 20 साल के युवक ने घर में घुसकर 70 साल की बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म किया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



जानकारी के अनुसार, पेंड्रा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 70 वर्ष की महिला ने पेंड्रा थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के रहने वाले दिलीप मार्को ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि जब वह घर मे अकेली थी, तब दिलीप मार्को उसके घर में पहुंचा और जब उसने देखा कि घर के कोई नहीं है तो वो उसने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है।

पीड़िता की शिकायत को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल उसकी शिकायत पर दिलीप मार्को के खिलाफ 376 का अपराध दर्ज करते हुए गांव में दबिश देकर आरोपी दिलीप मार्को को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है।

# एरिया नक्सली कमांडर बताते हुए 50 लाख की फिरौती मांगी, नहीं देने पर गोली मार कर हत्या की धमकी, पुलिस ने दबोचे तीन बदमाश

■ **जशपुर के कुनकुरी थाना क्षेत्र का मामला, एसपी शशिमोहन सिंह ने किया खुलासा**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जसपुर जिले में खुद को नक्सलियों का एरिया कमांडर बताते हुए 50 लाख की फिरौती व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। दरअसल यहां के एक परिवार के सदस्यों को फोन कर गोली मारकर हत्या करने की धमकी देकर फिरौती मांगी गई। इस मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस एक्टिव हुई और चंद घंटों में ही 3 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। जशपुर एसपी शशिमोहन सिंह ने इस मामले का खुलासा किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 386, 507 के तहत का अपराध दर्ज जेल भेज दिया है। यह पूरा मामला जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के अनुसार बुलबुल काम्पलेक्स कुनकुरी निवासी नुरुल अमीन (55) ने कुनकुरी थाने पहुंचकर शिकायत करते हुए बताया कि 24 फरवरी को एक अज्ञात व्यक्ति ने उनकी पत्नि के मोबाइल पर कॉल कर मेस्ट्रो स्कूटी के मेट के नीचे रखा एक लिफाफा निकालने व पैसे की मांग करते हुए कहा कि और नहीं देने पर परिवार के किसी न किसी सदस्य को जान से हाथ धोना पड़ेगा बताया। घर वालो ने जब पूछा आप कौन है तो उसने बताया कि वह नक्सली ऐरिया कमाण्डर है।

इसके बाद उसी शाम 6:30 बजे एवं रात 8:00 बजे फिर फोन किया और फिरौती के रूप में पैसा नहीं देने पर परिवार का किसी भी सदस्य को जान से मारने की धमकी दी। इससे पूरा परिवार काफी भयभीत हो गया। इसके बाद परिवार के लोगों ने कुनकुरी थाना पहुंचकर इस संबंध में नुरुल अमीन ने शिकायत की और साथ की धमकी भरा पत्र भी पुलिस को दिया। शिकायत मिलने पर धारा 386, 507 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की पता साजी शुरू की गई

जांच के दौरान जिस मोबाइल नंबर से फोन आया उसके बारे में पता किया गया। सायबर सेल की सहायता से मोबाइल धारक सैफुल राजा अंसारी, सोहेब आलम व मो जुल्फीकार सभी निवासी बंदरभदरा इस्लाम नगर कुनकुरी को हिरासत में लेकर बारिकी से पूछताछ की गई। पुलिस की पूछताछ में तीनों ने सच्चाई उगल दी। तीनों ने मिलकर अपने आपको नक्सली ऐरिया कमाण्डर बताकर प्रार्थी नुरुल अमीन को पैसा नहीं देने पर परिवार के किसी सदस्य को हत्या करने की धमकी देने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर मोबाइल व सिम कार्ड जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मल्लिका तिवारी, एएसआई मनोज कुमार साहू, प्रधान आरक्षक त्रिनाथ यादव, पूनम यादव आदि की भूमिका रही।

# घर में घुसकर महिला को मार दी गोली, पानी मांगने पहुंचे थे बदमाश

**मनेंद्रगढ़ (ए)।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में अज्ञात हमलावरों ने 50 साल की महिला के सीने में गोली मार दी। महिला सोमवार शाम को घर में अकेली थी। 2 युवकों ने फायरिंग की और फरार हो गए। महिला को घायल हालत में मनेंद्रगढ़ अस्पताल से अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है। अज्ञात हमलावरों का सुराग नहीं मिला है।

मामला मनेंद्रगढ़ से करीब 10 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत सिरौली का है। यहां वार्ड-9 में कुंती अगरिया के घर सोमवार शाम करीब 6.30 बजे 2 युवक पहुंचे और पीने के लिए पानी मांगा। महिला जैसे ही पानी लेकर लौटी तो दो युवकों में से एक ने कट्टे से फायर कर दिया। गोली महिला के सीने में जा धंसी।



महिला गोली लगने से जमीन पर गिर गई। जब कुंती की बेटी कुछ देर बाद घर पहुंची तो उसने घर को अस्त-व्यस्त देखा। मां को आवाज लगाई तो मां अंदर के कमरे में थी। उसने बेटी को बताया कि उसे अज्ञात लोगों ने गोली मारी है। घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। डॉक्टर के मुताबिक, गोली महिला के सीने में दाएं हिस्से में लगी है। दूर से फायरिंग के कारण गोली अंदर पसली की हड्डी में फंस गई, खून ज्यादा बहने से हालत गंभीर बनी हुई है।

# हथियार बंद चोर गिरोह पकड़ाया, 200 किलो कांसे व पीतल के बर्तनों के साथ देशी कट्टा व हथियार बरामद

■ **गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही पुलिस ने किया बड़ा खुलासा, 6 आरोपी गिरफ्तार**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही पुलिस ने शातिर चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता पाई है। यह गिरोह सूने मकानों को टारगेट करता है और हथियारों से लैस होकर चलते हैं। पुलिस ने इस गिरोह के दिनेश गोस्वामी (21) पेण्ड्रा, सूरज गोस्वामी (21) पेण्ड्रा, आषीश गोस्वामी (20) पेण्ड्रा, धनराज गिरी गोस्वामी (19) पेण्ड्रा, अशोक सोनकर (22) गौरेला तथा दीपक गोस्वामी (21) पेण्ड्रा को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक देशी कट्टा, दो बडे चाकू, 6 नग मोबाइल के साथ लगभग दो क्विंटल कांसे व पीतल के बर्तन जब्त किया गया है। यह सभी जीपीएम जिले के सरहदी क्षेत्रों में चोरियां किया करते हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ धारा 457, 380, 458, 382, 413, 34 व 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



बता दें नवपदस्थ पुलिस महा निरीक्षक डॉ संजीव शुक्ला ने एसपी जीपीएम भावना गुप्ता को सम्पत्ति सम्बधी अपराधो में टीम बनाकर पतासाजी के लिए निर्देशित किया था। इसी कड़ी में एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को ऐसे मामलो में आरोपियों की पतासाजी करने कहा था। इस बीच साइबर सेल की टीम ने मरवाही क्षेत्र में भ्रमण के दौरान चलचली परासी रास्ते में जा रहे एक मोटर साइकिल पर 4 सवारियों को देखा। इन्हें देखने पर सभी संदिग्ध लगे। इसके बाद पुलिस की टीम ने इन्हें रोककर पूछताछ की। सभी से अलग अलग पूछताछ करने पर सभी ले अलग अलग जवाब दिया जिससे पुलिस को उन पर संदेह हुआ।

इसके बाद पुलिस ने बैग की तलाशी ली तो उसमें अटासी, छेनी, हथौडी, मिला। पूछताछ करने पर मरवाही थाना क्षेत्र में पांच स्थानों रटगा, राजाडीह, कुम्हारी, तेन्दूमुडा, पेण्ड्रा में दुबटिया, लाटा, अण्डी तथा गौरेला थाना क्षेत्र में नेवरी नवापारा, जिला कोरबा के पसान थाना क्षेत्र में खोडरी मातिनदाई के एक घर से, बिलासपुर के बेलगहना चैकी के टेंगनमाडा, अम्बिकापुर के उदयपुर में चोरी करना स्वीकार किये। आरोपीगणो से घटना में इस्तेमाल दो मोटर साइकिल व घटना के समय साथ में रखने वाले औजार हथौडी, छेनी, दो नग बडा चाकू, एक देशी कट्टा, चोरी गई सोना चांदी के जेवर गले अवस्था में जब्त किया गया।

इसके अलावा आरोपियों की निशानदेही पर गुण्डी 11 नग, , बटुआ 21नग दौरी 21 नग,, पैना 02 नग, लोटा 56 नग, गिलास 08 नग, परांत 13 नग, कटोरी 13 नग, करछुल 01 नग फूल कांस के बर्तन 92.663 ग्रद्द तथा पीतल के बर्तन 97.868 ग्रद्द कुल कीमती 3,45,800 रुपए का मशरुका जब्त किय गया। इस पूरी कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी एसआई सुरेश ध्रुव, एएसआई मनोज हनोतिया, प्रधान आरक्षक रवि त्रिपाठी, चैपाल कश्यप, आरक्षक राजेश शर्मा, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, महेन्द्र परस्ते एवम थाना प्रभारी मरवाही निरीक्षक केके शुक्ला, गौरेला थाना प्रभारी सौरभ सिंह, पेंड्रा थाना प्रभारी नवीन बोरकर व स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243



Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### भिलाई-चरोदा निगम के नए आयुक्त होंगे दशरथ राजपूत



**भिलाई।** राज्य प्रशासनिक सेवा 14 अफसर इधर से उधर हुए। इसमें भिलाई-3 चरोदा नगर निगम के आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी को स्थानांतरित कर मंत्रालय भेजा गया है। उनके स्थान पर खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के अपर कलेक्टर दशरथ सिंह राजपूत को नया निगम आयुक्त बनाया गया है। त्रिपाठी करीब सालभर पहले बिलासपुर से भिलाई-3 आए थे। इन दिनों हो रहे फेरबदल के अंतर्गत राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। अपर कलेक्टर दशरथ सिंह राजपूत ने कहा कि जल्दी ही निगम में आयुक्त का कार्यभार ग्रहण करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जल्द और भी ट्रांसफर होंगे।

### धमधा में शौचालय निर्माण के लिए 5 लाख रूपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए धमधा अंतर्गत 01 कार्य के लिए 05 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत धमधा द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार धमधा सरस्वती शिशु मंदिर में शौचालय निर्माण के लिए 5 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### पाटन विकासखण्ड के लिए 93.70 लाख रूपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए पाटन विधानसभा के 22 कार्यो के लिए 93 लाख 70 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक भूपेश बघेल द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यो का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन द्वारा की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम अमेरी के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, आहाता निर्माण सामुदायिक भवन यादव पारा में ग्राम अरमरीखुर्द के लिए 3 लाख रूपए, संविधान चौक निर्माण व सौंदर्यीकरण ग्राम असोगा के लिए 2 लाख 30 हजार रूपए, सार्वजनिक चौक सौंदर्यीकरण कार्य ग्राम उफरा के लिए 3 लाख रूपए, कलामंच निर्माण स्कूल में ग्राम उमरपोटी के लिए 3 लाख रूपए, शेड निर्माण शीतला मंदिर के पास ग्राम करगा के लिए 5 लाख रूपए, सार्वजनिक युवा सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम गोंडपेण्ड्री के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, कक्ष निर्माण ग्राम घुघुवा (ज) के लिए 3 लाख रूपए स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार पचरी निर्माण सामुदायिक भवन के पास तालाब ग्राम छाटा के लिए 2 लाख 60 हजार रूपए, कलामंच निर्माण वार्ड क्रं 17 ग्राम जमराव के लिए 3 लाख रूपए, सी.सी.रोड निर्माण कार्य ग्राम तर्रीघाट के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम देमार के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम रवेली के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# अवैध प्लाटिंग के कारण किसान अपनी खेती भूमि को बेचने हो रहें हैं मजबूर, जनदर्शन में पहुंचा आवेदन

## राज इंजीनियरिंग में लगने वाले एयरटेल टॉवर को हटाने की मांग, जनदर्शन में प्राप्त हुए 150 आवेदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगां से अपर कलेक्टर अरविंद एक्का ने मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता और बड़े इत्मीनान से सुना। लोगों के आवेदन पर समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में आज 150 आवेदन प्राप्त हुए।**



जनदर्शन में आज अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने की शिकायत लेकर पहुंचे किसानों ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि ग्राम खम्हरिया में कुछ वर्षो से व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि को अवैध तरीके से कॉलोनी निर्माण हेतु प्लाटिंग कर छोटे-छोटे टुकड़ों में विक्रय किया जा रहा है।

प्लाटिंग कार्य हेतु किसी भी प्रकार की अनुमति नही ली जाती है। निजी कृषि भूमि को कब्जा कर कॉलोनी के लिए रोड नाली का निर्माण कर किसानों के कृषि कार्य हेतु रास्ते को कब्जा कर लिया जाता है, जिससे हम कृषि कार्य नही कर पा रहे हैं।

इसी प्रकार अन्य किसानों ने भी अवैध प्लाटिंग के संबंध में आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि प्लाटिंग करने वाले बिना सीमांकन एवं किसानों की अनुपस्थिति में अवैध कब्जा कर प्लाटिंग कर रहे है। रास्ते के जमीन को कब्जा करने के उपरांत पीछे स्थित किसानों को रास्ता नही दिया जा रहा है, जिससे किसान अपनी जमीन को बेचने के लिए मजबूर होते जा रहे हैं। अपर कलेक्टर ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। साथ ही उन्होंने इस संबंध में सभी अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व को अपने-अपने क्षेत्र का निरीक्षण करने को कहा।

इंदिरा मार्केट व्यापारी यूनियन द्वारा उचित पार्किंग व्यवस्था, अतिक्रमण मुक्त एवं व्यवस्थित बाजार, मार्केट की पहचान के लिए नाम वाला ग्रीन साइन बोर्ड लगाने, हाई मास्क एवं एलईडी इत्यादि की व्यवस्था के लिए आवेदन सौंपा।

इसी प्रकार केलाबाड़ी निवासी ने घर के सामने अवैध अतिक्रमण कर ठेला को हटाने के लिए आवेदन दिया। केलाबाड़ी कॉम्पलेक्स के पास अवैध ठेला होने के कारण घर के सामने लोग शराब पीते हैं और गिलास व कचरा फेक देते हैं। लोग एक दूसरे को गाली-गलौच करते हैं। मना करने पर लड़ाई-झगड़ा करने को उतारू हो जाते हैं, जिससे मोहल्लेवासी पीड़ित है। इस पर अपर कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

ग्राम अखोरा (ख) निवासियों ने अवैध उत्खन्न की शिकायत करते हुए बताया कि मनरेगा के तहत ग्राम अखोरा में तालाब गहरीकरण कार्य किया गया है। खनन से निकलने वाले मिट्टी को खनन माफिया द्वारा मिट्टी को बेचा जा रहा है। अपर कलेक्टर ने एसडीएम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। लक्ष्मीनारायण नगर के कॉलोनीवासियों ने राज इंजीनियरिंग में लगने वाले एयरटेल टॉवर को हटाने के लिए आवेदन दिया। टॉवर लगने से रहवासियों को टॉवर के रेडिएशन से कई प्रकार की बीमारियों के चपेट में आने की समस्या बनी रहती है, क्योंकि यहां पर बड़े बुजुर्ग एवं बच्चे निवास करते हैं जिस पर बुरा असर पड़ेगा। इस पर अपर कलेक्टर ने आयुक्त भिलाई को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# गृह मंत्री ने दी शहीद जवान को श्रद्धांजली परिजनों से मुलाकात कर ढाढ़स बंधाया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा भिलाई पहुंचकर, शहीद जवान राम आशीष यादव के पार्थिव देह पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजली दी। उन्होने शहीद जवान के भिलाई स्थित निवास गृह में शहीद राम आशीष की धर्मपत्नि श्रीमती मंजू यादव और पुत्र उपेन्द्र, हर्ष और लाल यादव से मुलाकात कर इस दुखद घटना पर परिजनों को ढाढ़स बंधाया।

साथ ही शासन स्तर पर हर संभव सहयोग कर भरोसा दिलाया। ज्ञात हो कि विगत दिवस बीजापुर जिले में गस्त के दौरान आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से सीएएफ जवान प्रधान आरक्षक राम आशीष शहीद हो गए। उनका पार्थिव देह आज दोपहर 12.30 बजे चापर विमान से भिलाई लाया गया। भिलाई सेक्टर 2 स्थित निवास में परिजनों एवं पड़ोसियों के अंतिम दर्शनार्थ रखा गया।

यहां पर प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा, सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, गजेंन्द्र यादव एवं नागरिकगण तथा आईजी आर.जी. गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला एवं अन्य अधिकारियों ने शहीद जवान के पार्थिव देह पर पुष्पांजली अर्पित कर श्रद्धांजली दी। तत्पश्चात् शहीद जवान श्री राम आशीष का पार्थिव देह अंतिम संस्कार के लिए गृह ग्राम असनवार जिला बलिया उत्तरप्रदेश के लिए रवाना किया गया। शहीद जवान का अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया जाएगा।

## संभाग आयुक्त और कलेक्टर ने प्रयास विद्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी नें आज प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने प्रयास में अध्ययनरत 13 जिलों के छात्र एवं छात्राओं से प्रयास आवासीय विद्यालय में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। आसपास स्वच्छ वातावरण कैसे रखने और बच्चों से 10वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा की अच्छे से तैयारी कर अच्छे प्राप्ताँक के साथ जेईई और मेडिकल के तैयारी पर केंद्रित करने कहा। संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने परीक्षा के दौरान ध्यान को केंद्रित करने के लिए योगा और मेडिटेशन अपनाने के बारे में बच्चों से विचार साझा किया।


## जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजनाओं का संचालन, एवं रखरखाव पर कार्यशाला का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत सोमवार को दुर्ग के होटल गार्नेट इन में जल जीवन मिशन के महत्वपूर्ण घटक पेयजल योजनाओं का संचालन, मरम्मत एवम रखरखाव पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन समर्थन सेंटर फॉर डेवलपमेंट सपोर्ट संस्था के माध्यम से आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यरत सहायक समन्वयक एजेंसी के प्रतिनिधि , जिला स्तर पर कार्यरत पी.एच.ई. विभाग में पदस्थ जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक, सहायक अभियंता, उप अभियंता के साथ ही ग्रामीण स्तर पर कार्यरत हैंडपंप मैकेनिक, ग्राम पंचायत के सरपंच उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समर्थन संस्था की ओर से ट्रेनर के रूप में देवीदास निमजे उपस्थित थे जिन्होंने विभाग के अधिकारी , फील्ड में कार्यरत संस्थाओं के प्रतिनिधि समेत हैंड पंप मैकेनिक से जल जीवन मिशन से जुड़े मरम्मत रखरखाव वी उनके संचालन में आने वाली समस्या से संबंधित एवम किस तरह उस समस्या को दूर किया जा सकता है इस संबंध में विस्तृत चर्चा की साथ ही ग्राम जल स्वच्छता समिति के दायित्व व मानव संसाधन उचित जल प्रबंधन को किस तरह निरंतर सुचारू रूप से चलाया जा सकता है।

# गौड ब्रह्मण समाज भिलाई के अध्यक्ष बने विजय शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** गौड ब्राह्मण समाज भिलाई की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को हुई। बैठक में समाज की गतिविधियों को गति देने के लिए नए अध्यक्ष का चयन किया गया। जिसमें बोरसी निवासी विजय कुमार शर्मा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।

चयनित नए अध्यक्ष विजय शर्मा को अपनी कार्यकारणी एवं पदाधिकारी चयन का अधिकार देने का प्रस्तावं सतेन्द्र शर्मा द्वारा लाया गया। जिसमें के समर्थन में शशी शर्मा ने समाज में सक्रीय एवं युवा लोगों को कार्यकारणी में प्राथमिकता देने की बात रखी गई।

इससे पहले कार्यकारिणी की बैठक पूर्व संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई। उन्हीं के प्रस्ताव से नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हुई। बैठक में नए अध्यक्ष का चयन होने के बाद उपस्थित सदस्यों को संकल्प लेने सदस्यों की सक्रियता रहने की एवं समाज व अध्यक्ष को पूर्ण सहयोग करने का संकल्प लिया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा आगामी होली मिलन 2024 मानने निर्णय लिया गया।

**दिवंगत सदस्यों को दी गई श्रद्धांजलि:** बैठक के बीच में गौड ब्राह्मण समाज के दिवंगत सदस्यों खेमराज शर्मा, मनफूल शर्मा, बाबूलाल शर्मा, प्रेमचन्द शर्मा, केशरीमल शर्मा, मृत्युजय शर्मा आदि को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में विजय कुमार शर्मा, राजेश शर्मा, अशोक पंचोली, पवन कुमार शर्मा, भंवरलाल शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा (हाउसिंग बोर्ड) सुरेन्द्र शर्मा, कपिल शर्मा, रतन शर्मा, मनीष शर्मा, सत्येन्द्र शर्मा, पूरणमल शर्मा, मुकेश शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, शशी शर्मा, प्रहलाद शर्मा, रवि शर्मा, रुपनारायण शर्मा, महेश वशिष्ठ, कमल शर्मा, सुनिल शर्मा,भूपेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भिलाई में आचार्य विद्यासागर महाराज को सर्वधर्म सभा के साथ दी गई विनयांजलि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के देवलोक गमन पर सारा देश विलाप कर रहा है। बीते दिनों आचार्य विद्यासागर महराज ने समाधि ली। इसके बाद देशभर में उन्हें विनयांजलि देले का सिलसिला चल पड़ा है। इसी कड़ी में भिलाई शहर के लोगों ने सर्वधर्म सभा के माध्सम से सकल जैन समाज भिलाई द्वारा सिविक सेंटर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में विनयांजलि दी। इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा सहित बड़ी संख्या में दुर्ग भिलाई जैन समाज के लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचकर दीप प्रज्ज्वलित कर विनयांजलि दी।**



इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण के साथ नीलम जैन और आकाश जैन ने धार्मिक भजनों के साथ किया। मंगलाचरण नीलम जैन ने किया और आचार्य श्री के विद्यांजलि स्वरूप श्रीमती साधना जैन बाकलीवाल काव्य गीत के रूप में अपनी भावना व्यक्त की। विनयांजलि सभा में छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय बैंड के सैनिकों ने णमोकार महामंत्र की धुन के साथ आचार्य श्री जी को वंदन करते हुए विनयांजलि दी। मंच संचालन प्रशांत जैन और क्षितिज जैन के साथ पीयूष जैन ने भी संचालन किया। संपूर्ण मंच व्यवस्था एवं साज सज्जा रुआबांधा दिगंबर जैन समाज के साथ राजीव जैन को ने किया। रिसाली जैन समाज के श्री दिनेश जैन अपने भाव व्यक्त करते हुए विनयांजलि अर्पित की। रिसाली दिगंबर जैन समाज के कमलेश विनायके, सुनील जैन, संतोष जैन आदि उपस्थित थे। गैलरी का निर्माण साधना जैन, पीयूष जैन, आलोक जैन, अरविंद जैन, निशांत जैन के साथ वैशाली नगर जैन समाज का सहयोग रहा। नेहरू नगर जैन समाज से सचिन वंश, श्रीकांत, पिंकु जैन, भरत जैन आदि का सहयोग रहा। प्रखर जैन का वीडियोग्राफी में सहयोग रहा। फूलों की सजावट जेना फूल भंडार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजन में प्रशांत जैन, क्षितिज जैन, राजीव जैन, अरविंद जैन, कमलेश विनायके, प्रशासनिक व्यवस्था भागचंद जैन एवं अशोक पहाड़िया का विशेष सहयोग रहा।

विनयांजलि कार्यक्रम के दौरान सांसद विजय बघेल, ने कहा की भिलाई दुर्ग टाउनशिप क्षेत्र में उनके भव्य प्रतिमा स्थापित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री पूरे विश्व के संतों में एक महान संत थे। उनकी गणना और उनके त्याग संयम अध्याय की पराकाष्ठा को कोई नहीं समझ सका। आचार्य श्री ने अपने जीवन में संयम एवं अपने धार्मिक परंपराओं के अनुरूप अपने गुरु ज्ञान सागर के बताए हुए मार्गों पर चलते हुए अपना सारा जीवन व्यतीत किया और साथ ही अपने शिष्यों को भी उसी रास्ते पर चलने के लिए मार्गदर्शन दिया। उनकी यह सोच देश समाज और व्यक्ति के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। सांसद बघेल ने कहा कि सबसे अच्छी बात यह है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं उनके भक्त हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उनके त्याग तपस्या की पूरी जानकारी देश के कार्यकर्ताओं को देते हुए कहा कि ऐसे संत को मैं विनयांजलि देते हुए अपनी भावनाओं को रोक नहीं पा रहा हूं। पीएम मोदी ने कहा था कि उनके दर्शन करने डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी पर्वत पर गया। उस समय क्या पता था कि यह उनके अंतिम दर्शन होंगे। सांसद बघेल ने कहा कि मुझे गुरुवर का सितंबर माह में डोंगरगढ़ क्षेत्र में आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

पूर्व विधायक अरुण वोरा ने भी सभा को संबोधित किया और अपनी विनांजलि दी। उन्होंने आचार्य के साथ बिताए संस्मरण को याद करते हुए बताया कि उनकी हर बातों का बहुत महत्व हुआ करता था मैं उनसे प्रभावित रहा और उनके प्रभावित आचरण से ही दुर्ग शहर के जेल के पास एक चौक अहिंसा चौक बनाया गया। उन्हीं के मार्गदर्शन पर शेर और गाय को एक साथ एक कटोरा में पानी पीते दिखाया गया है। यह संदेश अहिंसा का सबसे बड़ा संदेश है जो दुर्ग एवं शहर के आने वाले प्रत्येक नागरिकों को अहिंसा का संदेश देता रहेगा। अरुण वोरा ने प्रदीप बाकलीवाल के नाम का संबोधन विनयांजलि के दौरान किया।

कार्यक्रम के दौरान दुर्ग नगर निगम निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि आचार्य श्री जो भी कार्य करते थे उसकी जानकारी उनके शिष्यों को भी नहीं होती थी। वह ऐसे सिद्धांत वादी थे की भगवान महावीर और उनके परम आचार्य कुंदकुंद स्वामी के सिद्धांतों पर चलते हुए देश प्रदेश क्षेत्र समाज प्रत्येक नागरिक और जीव जंतुओं के प्रति अपनी भावनाएं रखते हुए उनके और उनकी सुरक्षा के लिए कार्य करते रहे। वे कभी भी किसी के प्रति नकारात्मक बात नहीं सोचते थे।

कार्यक्रम में मौजूद डॉ प्रमोद विनायके ने कहा कि मुझे जीवन में पहली बार किसी संत को आहार देने का मौका मिला तो वह आचार्षि विद्यासागर महाराज जी थे। डॉ नीलम जैन ने अपने धार्मिक उद्गारों की भावना प्रकट की। प्रशांत जैन ने कहा कि आचार्य श्री के सानिध्य में मैं भिलाई और चंद्रगृह तीर्थ क्षेत्र में सदैव उनके आशीर्वाद से धार्मिक कार्यों से जुड़ा रहा। आचार्य ने इंडिया नहीं भारत बोलो का भी संदेश दिया था। डॉक्टर उज्ज्वल पाटनी ने भी विनयांजलि देते हुए अपने संस्मरण बताए।

राजीव जैन को ने कहा कि मेरा आचार्य श्री पर गहरी आस्था थी। मैं अपने आंसू रोक नहीं पा रहा हूं। उन्हीं के आशीर्वाद से पंचकल्याणक महोत्सव से रुआबांधा दिगंबर जैन मंदिर का निर्माण हुआ। राजेश जैन ने कहा कि आचार्य श्री को रुआबांधा मंदिर से आस्था थी। यहां के सैकड़ों बच्चों ने उनके आशीर्वाद से जैन धर्म संस्कृति व संस्कार ग्रहण किया। डॉ आरके जैन एवं ज्ञानचंद बाकलीवाल ने भी अपनी विनयांजलि अर्पित की। जहां ज्ञानचंद बाकलीवाल ने कहा कि आचार्य श्री के आशीर्वाद से भिलाई तीन में संत निवास और जैन गुरुकुल का निर्माण करने जा रहे हैं। कार्यक्रम में तरण तारण समाज के भागचंद जैन ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के सानिध्य में उनका आशीर्वाद प्राप्त होते रहा है।

प्रदीप जैन बाकलीवाल ने कहा कि अनेक समितियों जिसमें श्रीकृष्ण गौशाला जीवरक्षा केन्द्र, मानव सेवा परिसर, श्रीखंडेलवाल दिगबंर जैन बाकलीवाल भवन, चेंबर ऑफ कामर्स और सूयश सागर महाराज जी के गृहस्थ जीवन के परिजनों द्वारा विनयांजलि देते हुए कहा कि आचार्य श्री के साथ मुझे अनेक वर्षों से उनके साथ संपर्क करने का अवसर मिला। भिलाई जैन समाज का प्रचार प्रभारी होने के कारण मुझे आचार्य श्री का आशीर्वाद प्राप्त होता रहा है। उन्हीं के आशीर्वाद से बाकलीवाल परिवार को रुआबांधा दिगंबर जैन मंदिर में प्रथम शिलान्यास का अवसर प्राप्त हुआ था। छत्तीसगढ़ राज्य में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज को लाने का श्रेय प्रसिद्ध उद्योगपति व समाज सेवी बलवंत राय जैन को जाता है। आचार्य श्री के विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से ही श्री चंद्रगृह तीर्थ क्षेत्र की स्थापना हुई।

श्री त्रिवेणी जयंती सेक्टर 6 में भी आचार्य श्री का आगमन हुआ था जहां जैन मिलन, जैन ट्रस्ट, श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के भक्तों ने अपनी मुनि भावना भक्ति भाव के साथ व्यक्त की थी। आचार्य श्री संजय मुनि जी ने नाकोड़ा तीर्थ क्षेत्र से सभा में अपने मांगलिक वचन देते हुए विश्ववंदनीय परम पूज्य आचार्य विद्यासागर महाराज जी को विनयांजलि देते हुए कहा कि आज उनके देवलोक गमन से राष्ट्र को बहुत बड़ी क्षति पहुंची है। जैन ट्रस्ट के दानमल पोरवाल ने विनयांजलि देते हुए कहा कि विद्यासागर महाराज जी जैन नहीं बल्कि जननायक थे। जैन मिलन के मुकेश जैन ने भी विनयांजलि दी। वैशाली नगर दिगंबर जैन मंदिर के अरविंद जैन ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी एक महान संत थे। उनकी त्याग, तपस्या व कठोर साधना से उनका मोक्ष मार्ग प्रशस्त हुआ। हम सभी वैशाली नगर जैन समाज के सदस्य अपनी विनयांजली अर्पित करते हैं। ब्रह्माकुमारी देवी ब्रह्माकुमारी देवी जी ने भी अपने भावना प्रकट किए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950